दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 11 अंक :20 | जयपुर, शुक्रवार 06 फरवरी, 2026 | RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल ने सदन में सरकार के काम का रिपोर्ट कार्ड पेश किया और कांग्रेस को दे डाली बहस करने की बड़ी चुनौती

**मुख्यमंत्री ने विपक्ष को दी चेतावनी और कहा कांग्रेस के 5 साल के कार्य और हमारे 2 साल के कार्य कर लो सदन में बहस, खेजड़ी को लेकर आएंगे नया कानून, किसान युवा और महिलाओं का बढ़ाएंगे सम्मान और पीएम मोदी के विकसित भारत के संकल्प को सरकार करने की दिशा में राजस्थान को भी बनाएंगे विकसित राज्य**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को राजस्थान विधानसभा में राज्यपाल के अधिवेशन पर रिप्लाई देते हुए जोर देकर कहा कि प्रदेश के किसान युवा और महिलाओं का विकास और कल्याण उनकी पहली प्राथमिकता इन सब का मान सम्मान बढ़ाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में पिछले दो साल में सरकार ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए रोड मैप तैयार करके तेजी से प्रदेश के विकास को आगे बढ़ा रहे हैं पिछले 2 साल में पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, युवा कल्याण, महिला कल्याण ,उद्योग जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है और आने वाले 3 सालों में भी ऐसे ही व्यापक स्तर पर विकास कार्य करके प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की दिशा में कार्य करेंगे ।भजनलाल शर्मा ने सदन में खेजड़ी आंदोलन को लेकर जोड़ देकर कहा कि सरकार खेजड़ी के वृक्ष को बचाने के लिए कानून लाएगी और उन्होंने गुरुवार को एक बार फिर से विधानसभा में कांग्रेस पार्टी को विकास कार्यों की तुलना करने के बारे में चुनौती दे डाली और कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के 5 साल और हमारी सरकार के 2 साल किसने ज्यादा काम किया इसको लेकर सदन में ही कर लो बहस यह सुनकर सत्ता पक्ष के विधायकों ने मेज थपथपा कर मुख्यमंत्री शर्मा कि इस चुनौती का समर्थन किया



पिछली सरकार में कांग्रेस के लीडर सरकार बचाने के लिए दिल्ली जाते थे और मैं प्रदेश के विकास और लोगों के कल्याण के लिए दिल्ली गया : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को राजस्थान विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के नेताओं की ओर से उनके दिल्ली जाने के कार्यक्रमों को लेकर उठाए गए सवालों के जवाब में जोर देकर कहा कि प्रदेश में पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में कांग्रेस के लीडर अपनी सरकार को बचाने के लिए बार-बार दिल्ली जाते थे एक नेता आता था दूसरा जाता था दूसरा नेता आता था तो तीसरा नेता वहां जाता था लेकिन मैं जब भी दिल्ली गया तो केंद्र सरकार से राजस्थान की जनता के कल्याण और राजस्थान के विकास के लिए आर्थिक सहयोग लेकर ही वापस आया इसलिए कांग्रेस पार्टी के लीडर पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखें ।

## आगामी विधानसभा चुनाव के नतीजे का गणित भी मुख्यमंत्री शर्मा ने सदन में बता डाला और कहा कि आगामी चुनाव में भी विपक्ष के विधायकों की संख्या इस बार से दो-तीन कम ही होगी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सदन में कहा कि कांग्रेस की पूरे देश में दुर्गति हो रही है कांग्रेस अपने कर्मों से ही विलुप्त हो रही है उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने प्रदेश में किसान ,युवा, महिला ,मजदूर सबके साथ धोखा किया और जमकर भ्रष्टाचार किया इसके बाद प्रदेश के लोगों ने कांग्रेस को आइना दिखा दिया लेकिन कांग्रेस फिर भी नहीं सुधरी कांग्रेस गलत मुद्दे उठाकर लोगों को गुमराह कर रही है जबकि लोग अब काफी समझदार और चतुर हो गए हैं इसलिए अगले विधानसभा चुनाव में भी विपक्ष के विधायकों की संख्या इस बार से एक दो कम ही होगी चाहे तो मेरी इस बात को कागज पर लिख लो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछली सरकार में सबसे ज्यादा ठगा गया तो वह प्रदेश का युवा था इसलिए हमारी सरकार ने पेपर लीक मामले में सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 140 प्राथमिकी दर्ज की है और 428 आरोपियों को जेल भेजा गया है उन्होंने कहा कि पेपर लीफ माफिया के खिलाफ यह सफाई अभियान लगातार जारी रहेगा मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए गोविंद सिंह डोटासरा पर इशारा करते हुए कहा कि उसेसमय फरियादियों को एक बाड़े में भेज दिया जाता था जो शिक्षा मंत्री रहते दिए गए बयान की याद दिलाता है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पिछले 2 साल में हमारी सरकार ने युवाओं के चेहरों पर खुशी ला दी है और पिछले दो साल में हमारी सरकार में जितनी भी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ उनमें एक में भी पेपर लीक नहीं हुआ सभी परीक्षाएं ईमानदारी से संपादित हुई इसलिए प्रदेश के युवा हमारी सरकार को उम्मीद की निगाह से देख रहे हैं जबकि पिछली सरकार में प्रदेश के युवा पूरे 5 साल तक खून के आंसू रोते रहे उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने युवाओं के लिए युवा नीति बनाई है युवा स्वरोजगार नीति बनाई है सरकारी और निजी दोनों ही क्षेत्र में बड़े स्तर पर हमने युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया है चालू वर्ष के लिए भी 100000 सरकारी नौकरियों का कैलेंडर पिछले दिनों ही जारी किया है उन्होंने कहा कि हम युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन रहे हैं इसके लिए युवाओं को उनके रोजगार स्थापना के लिए सरकार की ओर से लोन उपलब्ध करवाया जा रहा है हमारी सरकार युवाओं को रोजगार लेने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनना चाहती ।

## कोई भी विधायक मुझे फोन करेगा या तो उसका फोन उठ जाएगा नहीं तो 24 घंटे में वापस आएगा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि रवि की फसल की सिंचाई का समय चल रहा है लेकिन पूरे प्रदेश में बिजली को लेकर कहीं भी किसानों का कोई प्रदर्शन नहीं हुआ जो यह दिखाता है कि हमारी सरकार किसान के कल्याण के लिए कितनी गंभीर है उन्होंने कहा कि किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई गई है उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके शासनकाल में उनकी ही पार्टी के विधायक और मंत्री बिजली की मांग को लेकर आंदोलन करते थे सदन में उन्होंने विधायकों से संवाद पर बड़ी बात कहते हुए कहा कि सत्य पक्ष या विपक्ष का कोई भी विधायक फोन करेगा तो या तो फोन उठेगा नहीं तो 24 घंटे के भीतर वापस कल जरूर किया जाएगा ।

## शेखावाटी को पानी देंगे, राजनीति नहीं करेंगे

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर शेखावाटी की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने केवल वादे किए लेकिन हमारी सरकार शेखावाटी के लोगों को वास्तव में पानी पिलाने का काम करेगी मुख्यमंत्री ने देवास परियोजना पर तेजी से कम होने की बात कही उन्होंने बताया कि इस योजना का आधा पानी अब समुद्र की ओर जा रहा था लेकिन हमारी सरकार अरब सागर में जाने वाले पानी को रोककर शेखावाटी तक लेगी उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने शेखावाटी के लोगों को समुचित पानी उपलब्ध करवाने के लिए हरियाणा से यमुना जल समझौता किया जो बड़ी उपलब्धि है और इस योजना पर हमारी सरकार तेजी से कम कर रही है बीजेपी से लड़ाई लड़ो, राम से नहीं : मुख्यमंत्री ने विपक्ष भारती का प्रहार करते हुए कहा कि राजनीतिक लड़ाई भाजपा से हो सकती है लेकिन भगवान राम से नहीं उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव का हवाला देते हुए कहा कि जब अटल बिहारी वाजपेई विपक्ष के नेता थे तब भी यही नसीहत दी गई थी मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि राम के नाम से जुड़ी योजनाओं चाहे रामसेतु हो या अन्य का कोई विरोध करने वालों को हर जगह नुकसान हुआ है उन्होंने दावा किया कि राम सबके रोम रोम में बसते हैं और उनसे टकरा का परिणाम राजनीतिक दुर्गति होता है ।

# दर्दे दिल की अजीब दास्तां....जिन्होंने जख्म दिए उन्हीं को रोशन कर रहे सतीश पूनिया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** 'दिल भी तोड़ा तो सलीके से न तोड़ा तुमने, बेवफाई के भी आदाब हुआ करते हैं' जी हां किसी शायर की इस शायरी के तार गुरुवार को आमेर की गांधी चौक में सरकारी स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे सतीश पूनिया के दर्दे दिल की दास्ता से जुड़ते हुए दिखे जब पूनिया ने कहा कि मैं बहुत दूर से चलकर आमेर का नक्शा बदलने की सोच रहा था लेकिन आमेर वालों ने उनका ही नक्शा बदल डाला, कार्यक्रम में उपस्थित लोगों और मंच पर बैठे विशिष्ट लोगों को अपनी गलती का एहसास हुआ या नहीं यह तो ऊपर वाला जाने लेकिन जिस पवित्र और शुद्ध आत्मा से पूनिया के दिल का दर्द उनके दिल से निकल कर उनकी जुबान पर आया तो उसे सुनकर इंसान की तकदीर लिखने वाला विधाता की आंखों से आंसू जरूर टपके होंगे क्योंकि अच्छे कर्म करने के बाद भी कर्म करने वाले के साथ इंसान बेवफाई कर दे तो फिर दर्दे दिल की पुकार से निकला एक-एक शब्द की उसे गंभीर पीड़ा को झेलना इंसान तो क्या विधाता के लिए भी काफी मुश्किल हो जाता है, लोग कहते भी है और इस बात को स्वीकार भी करते हैं कि पूनिया ने आमेर विधानसभा क्षेत्र में अब तक करीब 2000 करोड रुपए के विकास कार्य करवाएं लेकिन इतने बड़े पैमाने पर विकास कार्य करवाने के बावजूद लोगों ने पिछले विधानसभा चुनाव में



उनके साथ छलावा किया छलावा किसने और क्यों किया? इसका जवाब या तो विधाता के पास है या फिर जिन्होंने छलावा किया वह बता सकते हैं लेकिन राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि अगर पूनिया दोबारा से यहां से विधायक बन जाते तो इस बार आमेर वालों की लॉटरी खुल जाती क्योंकि विधायक नहीं चुने जाने के बावजूद भी सतीश पूनिया का भारतीय जनता पार्टी में पॉलीटिकल करियर बुलंदी पर है उनके पास हरियाणा भाजपा का प्रभार तो पहले से था ही अब भाजपा के दिल्ली दरबार में उन्हें कर्नाटक में पार्टी को मजबूती प्रदान करने और पार्टी के मैनेजमेंट के लिए बड़ी जिम्मेदारी दी है इसलिए चुनाव हारने से पूनिया को कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ा फर्क पड़ा है तो आमेर क्षेत्र के विकास को अगर पुनिया इस बार विधायक चुन लिए जाते तो निश्चित रूप से प्रदेश सरकार में ताकतवर पोजीशन में होते जिसका फायदा आमेर क्षेत्र के लोगों को भरपूर मिलता लेकिन यह.नियति को मंजूर नहीं था या फिर आमेर क्षेत्र के लोगों को विकास मंजूर नहीं था यह सवाल भी पेचीदा जरूर है खैर चुनाव में हार जीत होती रहती है बड़े-बड़े नेता चुनाव हारे हैं इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेई, भेरू सिंहसिंह शेखावत जैसे नेताओं को भी चुनाव में पराजय का सामना करना पड़ा इसलिए पूनिया चुनाव हार गए तो कोई ज्यादा अचरज की बात नहीं है लेकिन यहां सबसे ज्यादा अचरज और कष्ट की बात यह है कि अगर कोई नेता करीब 2000 करोड रुपए के विकास कार्य करवाने के बाद भी अपने ही घर में अपनी ही परिवार के सदस्यों से इग्नोर हो जाए तो फिर चाहे कोई कितना ही अंदर से चट्टान की तरह कठोर हो उसके दिल और दिमाग को कष्ट तो पहुंचता ही है शायद यही कष्ट है जो सतीश पूनिया अक्सर आमेर क्षेत्र की जनता के समक्ष समय-समय पर सार्वजनिक सभाओं में जरूर बया करते रहते हैं इसीलिए उन्होंने गुरुवार को अपने पूर्व के विधायक निधि फंड से गांधी चौक स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए तीन कमरों के उद्घाटन अवसर पर कहीं इसके अलावा पूनिया ने गुरुवार को ही मेहंदी का वास स्थित सरकारी स्कूल में भी इसी तरह के एक अन्य कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दिखाई गांधी चौक स्थित सरकारी स्कूल के कार्यक्रम में सतीश पूनिया ने कहा कि वे आजीवन आमेर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के कल्याण और क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करते रहेंगे अगर उनकी लिखी पर्ची और रिक्वेस्ट से वैधानिक रूप से कोई भी कार्य होता है तो वह उसके लिए हमेशा तैयार बैठे हैं उन्होंने कहा कि मेरे दिल में अपने क्षेत्र के लिए अपार स्नेह और भरपूर प्यार जैसा पहले था वैसा अब भी है मैं अक्सर व्यस्त होने की वजह से कम आ पाता हूं लेकिन क्षेत्र के विकास के लिए मेरे प्रयास जारी रहते हैं आगे भी भले ही में कम यहां आऊं लेकिन क्षेत्र के विकास के लिए उनके प्रयास हर दिन जारी रहेंगे गुरुवार को विश्व विख्यात आमेर में दो अलग-अलग सरकारी स्कूलों में हुए कार्यक्रम में सतीश पूनिया के चेहरे और हाव-भाव को देखकर यह जरूर लगा कि कहीं ना कहीं वे अपनी पराजय से दुखी नहीं बल्कि स्थानीय लोगों की ओर से उनके साथ जो बेवफाई की गई उससे ज्यादा उन्हें तकलीफ हो रही है क्योंकि आमेर से सतीश पूनिया को बेइंतहा मोहब्बत थी लेकिन उन्हें अपनी मोहब्बत में धोखा मिला इसीलिए वे ना तो अपनी मोहब्बत को भूल पा रहे हैं और ना ही अपने क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर ढीले पड़े हैं क्योंकि पुनिया का आमेर पहला प्यार था पहले प्यार की बदौलत राजस्थान विधानसभा में भी पहुंचे थे इसलिए पहला प्यार कोई भी नहीं भूल पाता शायद यही वजह है कि सतीश पूनिया अपने टूटे हुए दिल से भी पूरी वफा निभाते हुए आमेर विधानसभा क्षेत्र के विकास को गतिशील बनाए हुए हैं ।

# संतों का अनशन तुड़वाया, खेजड़ी बचाओ आंदोलन समाप्त : मंत्री केके विश्नोई

## बीकानेर और जोधपुर संभाग में खेजड़ी के पेड़ नहीं काटे जाएंगे सरकार देगी लिखित में समझौता



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बीकानेर में बिश्नोई धर्मशाला के सामने पिछले 4 दिन से संपादित हो रहा खेजड़ी बचाओ आंदोलन को समाप्त करने के लिए गुरुवार को सरकार और आंदोलनकारी संतों के बीच काफी देर तक बातचीत हुई बातचीत के बाद राज्य सरकार के मंत्री केके बिश्नोई ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि संतों से अनशन तुड़वा लिया गया है जोधपुर और बीकानेर में खेजड़ी के वृक्ष नहीं काटे जाएंगे इसके लिए सरकार लिखित में समझौता भी दे रही है उन्होंने कहा कि अब यह आंदोलन खत्म कर दिया गया है इस तरह का बयान देने के बाद बिश्नोई अनशन स्थल से चले गए लेकिन मंत्री बिश्नोई के जाने के बाद मौके पर मौजूद लोग यह कहने वालों की सरकार सिर्फ जोधपुर और बीकानेर संभाग में ही खेजड़ी के वृक्ष नहीं काटे जाने का समझौता कर रही है यह समझौता पूरे प्रदेश में होना चाहिए इसी बात को लेकर खबर लिखे जाने तक अनशन स्थल पर आंदोलनकारी के बीच बातचीत का दौरा चल रहा था कहा जा रहा है कि इस मामले में अब कहीं ना कहीं दो ग्रुप बना सकते हैं जिसमें एक ग्रुप आंदोलन को समाप्त करने के सरकार के समझौते के साथ खड़ा हो सकता है तो दूसरा ग्रुप पूरे प्रदेश में खेजड़ी के पेड़ नहीं काटे जाने की बात को लेकर आंदोलन जारी रखने की बात कह रहा है इसलिए फिलहाल खबर लिखे जाने तक इस मामले को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी । आंदोलन आगे जारी रहेगा या नहीं अभी यह पूरी तरह से क्लियर नहीं हो पाया है क्योंकि जो लोग धरना स्थल पर मौजूद थे वह सब खबर लेकर जाने तक धरना स्थल पर ही डेरा डाले हुए थे हालांकि सरकार के मंत्री बिश्नोई धरना स्थल से चले गए थे उल्लेखनीय है कि पिछले चार दिनों से प्रदेश में खेजड़ी बचाओ आंदोलन को लेकर साधु संत विभिन्न सामाजिक संगठन विभिन्न व्यापारिक संगठन और हर जाति और बिरादरी के लोग सामूहिक रूप से बीकानेर में बिश्नोई धर्मशाला के सामने धरने पर बैठे हुए थे जिसमें साधु संतों ने मौके पर ही आमरण अनशन भी शुरू किया हुआ था इसलिए यह आंदोलन प्रदेश सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन गया था क्योंकि राजस्थान की दो बार मुख्यमंत्री रह चुकी वसुंधरा राजे ने भी इस आंदोलन को अपना पूरा समर्थन दिया था इसलिए प्रदेश सरकार पर आंदोलनकारी साधु संतों की बात मानने का जोरदार प्रेशर बना हुआ थ।

# राजस्थान का पत्थर हमारी विरासत भी है और भविष्य भी, यहां के पत्थर को वैश्विक बाजार तक पहुंचाएं: सीएम

**मुख्यमंत्री ने इंडिया स्टोन मार्ट 2026 का किया उद्घाटन, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ,मदन दिलावर मुख्य, सचिव श्रीनिवास, अपर मुख्य सचिव शेखर अग्रवाल, खान, सचिन टी रविकांत भी रहे मौजूद**




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर में जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में गुरुवार को आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इंडिया स्टोन मार्ट 2026 का विधिवत्त उद्घाटन किया इसके साथ ही 5 से 8 फरवरी तक चलने वाले चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय स्टोन उद्योग आयोजन का औपचारिक शुभारंभ हुआ उद्घाटन समारोह में उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, राज्य के मुख्य सचिव श्रीनिवास, अपर मुख्य सचिव शिखरअग्रवाल, प्रमुख सचिव टी रविकांत, रीको के कार्यकारी निदेशक डॉ आकाश तोमर, लघु उद्योग भारती के संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र, आरके मार्बल के अध्यक्ष अशोक पाटनी, प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज तथा इंडिया स्टोन मार्ट 2026 के संयोजक नटवरलाल और दीपक अजमेरा सहित देश-विदेश से आए अनेक गणमान्य लोग मौजूदरहे अपने भाषण में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इंडिया स्टोन मार्ट केवल व्यापारिक आयोजन नहीं है बल्कि भारतीय संस्कृति शिल्प परंपरा और औद्योगिक शक्ति का साझा मंच है उन्होंने मंचासीन उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन से राठौर संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र लघु भारती के पदाधिकारी उद्योग जगत के प्रतिनिधियों व्यापारियों और श्रमिकों का अभिनंदन किया और कहा कि आज दुनिया भारत को निवेश और बाजार के रूप में देख रही है संगमरमर और सेंडस्टोन जैसे प्राकृतिक संसाधन निवेश के लिए उभरते हुए क्षेत्र हैं उन्होंने बताया कि राजस्थान में 85 प्रकार के खनिज पाए जाते हैं और लगभग हर जिले की अपनी विशिष्ट स्टोन पहचान है उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, सुप्रीम कोर्ट जैसे प्रतिष्ठित इमारत में राजस्थान के पत्थर का उपयोग हुआ है राजस्थान के पत्थर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि एक बार सही निर्माण हो जाए तो मेंटेनेंस बेहद कम होता है ।

## एमएसएमई, श्रमिक सम्मान और स्किल डेवलपमेंट डेवलपमेंट पर विशेष जोर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वन जिला वन प्रोडक्ट और वन जिला वन स्टोन के विजन को साझा करते हुए एमएसएमई छोटे और मध्यम उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन देने की बात कही उन्होंने श्रमिकों के सम्मान उचित मजदूरी, सुरक्षा और सकल अनाउंसमेंट कार्यक्रमों को सरकार की प्राथमिकता बताया उन्होंने उद्योग जगत से भगवान किया कि वह टीम बनाकर आगे बढ़े आधुनिक तकनीक अपनाएं और राजस्थान के पत्थर को वैश्विक बाजार तक पहुंचाएं सरकार आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है ऐसा उन्होंने स्पष्ट किया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रुडा द्वारा आयोजित शिल्पग्राम की काफी तारीफ की

इंडिया स्टोन मार्ट 2026 के अंतर्गत ग्रामीण गैर कृषि विकास अभिकरण द्वारा आयोजित शिल्पग्राम भी आयोजन का एक प्रमुख आकर्षण रहा शिल्पग्राम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए शिल्पकारों और कार्यक्रमों ने अपनी पारंपरिक कला हस्तशिल्प और निर्माण तकनीक का जीवंत प्रदर्शन किया मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों ने शिल्पग्राम का अवलोकन करते हुए इस पहल की सराहना की और इसे ग्रामीण गैर कृषि आजीविका स्वरोजगार और कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## बी2बी मीटिंग्स और ग्लोबल नेटवर्किंग का मंच

इंडिया स्टोन मार्ट 2026 में उद्योग संवाद निर्यात निवेश चर्चा और नेटवर्किंग सेशन आयोजित किया जा रहे हैं देश-विदेश से आए खरीददार आर्किटेक्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर और स्टोन इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स ने प्रदर्शनी में विशेष रुचि दिखाई यह आयोजन अब तक के सबसे बड़े क्षेत्रफल में आयोजित किया जा रहा है जहां स्टोन मशीनरी नई तकनीक डिजाइन और वैल्यू एडिशन से जुड़े स्टॉल्स लगाए गए हैं।

## जिला प्रशासन का अभिनव पहल पर बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के लिए ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों एवं आंगनबाडी केंद्रों में बनेंगे 102 बालिका शौचालय

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला प्रशासन के अभिनव पहल पर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने एवं सरकारी विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों के शौचालय विहिन सरकारी विद्यालयों एवं आंगनबाडी केंद्रों में 102 बालिका शौचालयों का निर्माण कार्य की स्वीकृतियां जारी कर तीन माह में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गए हैं। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रवीन्द्र ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशन पर जिले के कठूमर, गोविंदगढ़, रामगढ़, थानागाजी, मालाखेडा, रैणी, राजगढ़, उमरैण एवं लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों एवं आंगनबाडी केंद्रों का ब्लॉकवार सर्वे कराया गया, जिसके आधार पर 37 राजकीय विद्यालयों एवं 65 आंगनबाडी केंद्रों में बालिका शौचालयों का निर्माण आगामी तीन माह में कराया जाएगा, जिससे आगामी सत्र में छात्राओं को स्वच्छ, सुरक्षित और गरिमामय वातावरण मिल सकेगा। शौचालयों की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी तथा बुनियादी सुविधा की उपलब्धता से बालिकाओं की विद्यालय एवं आंगनबाडी केंद्रों में उपस्थिति बढ़ेगी और ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी।

## रोटरी क्लब अरावली एवं एसबीआई बैंक द्वारा सेनेटरी पैड वितरण




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** रोटरी क्लब अरावली एवं एसबीआई बैंक के संयुक्त तत्वावधान में सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं एवं महिलाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर राज गुप्ता, निधि गोयल, रूबी भार्गव, गरिमा गोयल, प्राचार्य रेनू बाला जैन, रश्मि जैन, रोटेरियन महेंद्र गोयल, रोटेरियन डॉ. आकाश बंसल, रोटेरियन रघुवीर सिंह यादव एवं प्रमोद शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों ने महिलाओं को स्वच्छता के महत्व की जानकारी देते हुए ऐसे कार्यक्रमों को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम में सहयोग के लिए एसबीआई बैंक एवं रोटरी क्लब अरावली की सराहना की गई।

## ग्रामीण बेरोजगार महिला एवं पुरूष निःशुल्क फास्ट फूड के प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सामुदायिक भवन केशव नगर स्कीम न. 13 प्रतापबास अलवर में ग्रामीण इलाकों से आने वाले महिलाओं एवं पुरुषो के लिए फास्ट फूड का 12 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन फरवरी माह के द्वितीय सप्ताह में किया जाएगा। पीएनबी आरसेटी के निदेशक जे पी मीणा ने बताया कि इस दौरान प्रशिक्षणकर्ता की रहने -खाने, चाय व नाश्ते की भी निशुल्क व्यवस्था रहेगी और प्रशिक्षण पश्चात प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। अतः प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति संस्थान के कार्यालय से प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते है, आवेदन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर लिए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के टेलीफोन नंबर - 0144-2940830, 9462194801, 7568621909 पर प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक संपर्क कर सकते है।

### प्रशिक्षण हेतु योग्यता

उन्होंने बताया कि आवेदनकर्ता की उम्र 18 से 50 वर्ष, शैक्षणिक योग्यता कम से कम 8वीं पास, होनी चाहिए तथा वह अलवर, खैरथल-तिजारा व कोटपुतली-बहरोड़ जिले के किसी भी गाँव के स्थाई निवासी हैं। आवेदनकर्ता स्वयं सहायता समूह, बी पी एल, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा प्राप्त परिवार, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री अंत्योदय योजना के अंतर्गत आते हैं।

## श्रीमद भागवत के तीसरे दिन मनु शतरूपा, राजा परीक्षित चरित्र का हुआ वर्णन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अनंत आस्था के केंद्र श्री अनंत प्रेम आश्रम, नंगली वालो की कुटिया मे वृन्दावान से पधारे श्री राम मुदगल शस्त्री द्वारा वाची जा रही श्रीमद भागवत के तीसरे दिन श्रोता भजनो पर नाचते नजर आये। आश्रम की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष मे 2 फ़रवरी से आरम्भ हुई इस कथा के तीसरे दिन राजा परिक्षित चरित्र व मनु शतरूपा का वर्णन करते हुए श्री मुदगल शास्त्री ने सामाजिक सन्देश देते हुए परिवारों मे बेटी का, पत्नी का महत्व बताया आगे कथावाचक ने कृष्ण जन्म का पूरा वृतांत सुनाया भोले नाथ से निराला कोइ ओर नहीं, कान्हा ओ कान्हा, मैंने मोहन को बुलाया वो आता होगा जैसे भजनो ने भक्तो को आस्था के समुन्द्र मे डुबोये रखा। अलवर आश्रम प्रमुख महंत चेतना पुरी जी महाराज ने बताया की 2 से आरम्भ इस कार्यक्रम का 8 को समापन होगा। 9 फ़रवरी को ध्वजारोहन के साथ रूहानियत सतसंग व प्रवचन होंगे जिसमे पंजाब, हरियाणा सहित अलवर जिले से जुड़े अनुयायी पधारेंगे व सतसंग का आनंद लेंगे इसी दिन दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारा आयोजित होगा।

आश्रम सेवादार खुशीराम ने बताया की आश्रम द्वारा प्रतिवर्ष सालाना कार्यक्रम आयोजित होता है चुंकि इस वर्ष अलवर आश्रम स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण हुए है तो इस अवसर पर श्री मद भागवत कथा का आयोजन इस कार्यक्रम मे ओर अधिक चार चाँद लगा रहा है। 8 दिवसीय चल रहे इस कार्यक्रम मे राजेश गाबा, किशन लाल कालरा, राकेश छाबड़ा, अनिल पंजाबी, विजय पंजवानी, गुलशन गाबा, मोंटी गाबा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता व्यवस्थाएं सभाले हुए है।

# जिला प्रभारी सचिव ने ग्राम उत्थान शिविरों का किया निरीक्षण, योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निस)।** जिला प्रभारी सचिव एवं संभागीय आयुक्त पूनम ने गुरुवार को जिले के ततारपुर एवं मांचा गिरदावर सर्कल पर आयोजित विशेष ग्राम उत्थान शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिविर में पहुंचते ही उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा आमजन से संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं और योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचे तथा शिविरों की प्रगति निरंतर बढ़ाई जाए। संभागीय आयुक्त ने बताया कि शिविरों में 12 विभागों द्वारा आमजन को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि सभी आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हों। खैरथल-तिजारा क्षेत्र में गिरते जल स्तर के कारण किसानों को हो रही पानी की समस्या का उल्लेख करते हुए उन्होंने कृषि विभाग द्वारा संचालित फार्म पॉण्ड योजना तथा विद्युत विभाग की कुसुम योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों से सोलर पंप अपनाने का आह्वान किया, जिससे बिजली की बचत के साथ-साथ सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी और फसल उत्पादन में वृद्धि होगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि इन योजनाओं का अधिकतम प्रचार-प्रसार कर किसानों को लाभान्वित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान जिला प्रभारी सचिव ने प्रत्येक स्टॉल पर पहुंचीं और विभागीय अधिकारियों से शिविर की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि 12 विभागों के अतिरिक्त अन्य विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों का भी शिविर स्थल पर ही निस्तारण किया जाए। इसी क्रम में राजस्व विभाग द्वारा सहमति बंटवारे के कई प्रकरणों का मौके पर समाधान किया गया, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। शिविर में संभागीय आयुक्त पूनम एवं जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला द्वारा लाभार्थियों को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की पॉलिसियां वितरित की गईं। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों की चाबियां सौंपकर लाभार्थियों के चेहरे पर मुस्कान लाई गई। इसके अलावा गोवर्धन योजना, कृषि उपकरण अनुदान योजना सहित अन्य योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को चेक के माध्यम से अनुदान प्रदान किया गया। उन्होंने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए राजीविका समूहों को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता बताई। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में किसान उत्पादक संगठनों के गठन को प्रोत्साहित करने की बात कही, ताकि किसान बिचौलियों पर निर्भर रहने के बजाय अपनी उपज सीधे बाजार में उचित मूल्य पर बेच सकें और आर्थिक रूप से सशक्त बनें।

जिला कलेक्टर डॉ आर्तिका शुक्ला ने आमजन से फीडबैक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक व्यक्ति के कार्य का संतोषजनक समाधान होने के बाद ही शिविर का समापन किया जाए। शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को उनसे जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, उपखंड अधिकारी मनीष कुमार जाटव एवं सृष्टि जैन, विकास अधिकारी संजय यादव, उप निदेशक पशुपालन विभाग हवा सिंह जाट सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर योजनाओं का लाभ उठाया, जिससे ग्राम उत्थान शिविर ग्रामीण विकास और जनसेवा की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो रहा है।

## मरीज के लिए खुशखबरीः मित्तल हॉस्पिटल का क्या कहना

### माँ योजना व आर.जी.एच.एस के मरीज को मिलेगी अब मित्तल हॉस्पिटल में लेटेस्ट डायलिसिस मशीन से इलाज की सुविधा ओर वह भी निःशुल्क



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मित्तल हॉस्पिटल, एन.ई.बी. अलवर में माँ योजना एवं आर.जी.एच.एस. के मरीजो के लिए गुरुवार को निःशुल्क लेटेस्ट डायलिसिस मशीन से इलाज की सुविधा प्रारम्भ हो गयी है। मित्तल हॉस्पिटल के निदेशक एवं सीनियर फिजिशियन डॉ. एस. सी. मित्तल ने बताया कि माँ योजना एवं आर.जी.एच.एस. के मरीजो को आये दुसरे दिन आ रही परेशानियों को मध्य नजर रखते हुए निप्रो कम्पनी की लेटेस्ट वर्जन वाली नयी डायलिसिस मशीने खरीदी गयी है जिससे मरीजो को आने वाली परेशानियों से बहुत बड़ी रहत मिलेगी।

मित्तल हॉस्पिटल की प्रबन्ध निदेशक अल्का मित्तल ने बताया कि मशीनों के आते ही मित्तल हॉस्पिटल में नये नेफरोलोजिस्ट रखे गए है जो सप्ताह में 2 बार बुधवार एवं रविवार को डॉ. कवीश शर्मा अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगे।

माँ योजना एवं आर.जी.एच.एस. के मरीजो के अलावा भी अन्य सभी तरह के मरीजो को इन सुविधाओ का लाभ मिल पायेगा, जिसमे मित्तल हॉस्पिटल में उपलब्ध कैशलेस टी.पी.ए. एवं अन्य उपलब्ध कैशलेस कंपनियों से कैशलेस का फायदा मिल पायेगा।

डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेटर गिरीश गुप्ता ने बताया कि उक्त सुविधा के साथ ही बिना कार्ड होल्डर्स को भी इन मशीनों की सुविधाओ का लाभ मिल सकेगा।

## जिला प्रभारी सचिव ने किया सीएचसी ततारपुर का निरीक्षण

### जिला प्रभारी सचिव ने किया ततारपुर स्थित श्री किशनलाल शास्त्री धर्मार्थ गौशाला का निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निस)।** जिला प्रभारी सचिव एवं संभागीय आयुक्त पूनम ने गुरुवार को सीएचसी ततारपुर एवं श्री किशनलाल शास्त्री धर्मार्थ गौशाला ततारपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रभारी सचिव ने अस्पताल बेड कैपेसिटी, अस्पताल में की गई जांचो की संख्या, उपलब्ध दवाइयां, स्टोरेज हाउस आदि की जानकारी प्राप्त कि। उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनको दी जाने वाली सुविधा का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में काम कर रहे कार्मिकों से उनके कार्य की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा साफ-सफाई का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीज एवं उनके परिजनों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें। उन्होंने भर्ती मरीजों को भी प्रावधान के अनुरूप सभी सुविधा उपलब्ध करवाने को कहा। उन्होंने सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाओं से मरीजों को लाभ पहुंचाने का निर्देश भी दिया। ततारपुर गौशाला निरीक्षण के दौरान जिला प्रभारी सचिव ने गौशाला में आश्रित गोवंशों की संख्या, छाया, चारा एवं पानी सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। जिस पर गौशाला संचालक ने बताया कि गौशाला में वर्तमान में लगभग 601 गाय एवं नंदी संरक्षित हैं। यहां गायों के लिए छाया, चारा एवं पानी की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है। जिला प्रभारी सचिव ने प्रति गोवंश आ रहे व्यय की जानकारी लेते हुए उसकी पूर्ति के लिए आत्मनिर्भर बनने हेतु आवश्यक उपाय सुझाए। उन्होंने गौशाला परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने गायों के लिए पर्याप्त मात्रा में चारे की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर डॉ आर्तिका शुक्ला द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

## अखिल भारतीय हैहय क्षत्रिय कलचुरी महिला इकाई का गरिमामय आयोजन, पूजन-सम्मान कार्यक्रम संपन्न




### जय नारायण चौकसे को शिक्षा शिरोमणि उपाधि से किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**इंदौर(निस)।** अखिल भारतीय हैहय क्षत्रिय कलचुरी महिला इकाई द्वारा इंदौर में कुल देवता पूजन, हल्दी-कुमकुम, स्वागत-सम्मान एवं गुरु पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कलचुरी समाज की बहनों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष पूनम चौधरी (दिल्ली) एवं नीलम शिवहरे के सान्निध्य में भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन के चित्र पर अतिथियों जय नारायण चौकसे, अर्चना जायसवाल, एम.एल. राय एवं सुमित्रा चौकसे द्वारा पूजन-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात कमलेश राय, रंजना सूर्यवंशी एवं मनीष राय द्वारा आमंत्रित सभी महिलाओं का हल्दी-कुमकुम लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण में पूनम चौधरी ने कहा कि महिला इकाई का मुख्य उद्देश्य कलचुरी महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ते हुए उनके सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। उन्होंने महिलाओं से लक्ष्य निर्धारित कर संगठित रूप से कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सामाजिक जागरूकता एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु जय नारायण चौकसे को शिक्षा शिरोमणि उपाधि से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में अर्चना जायसवाल, पूनम चौधरी, नीलम शिवहरे सहित समस्त कलचुरी महिलाओं की सहभागिता रही। साथ ही जय नारायण चौकसे एवं अर्चना जायसवाल ने महेश्वर में भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन की प्रस्तावित 100 फीट ऊँची प्रतिमा एवं स्थल की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में संत एवं मोटिवेशनल स्पीकर ओम प्रकाश का अभिनंदन किया गया। अर्चना जायसवाल ने सामाजिक कार्यों में सक्रिय सहभागिता का संदेश दिया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शिवानी शिवहरे को बधाई दी गई तथा महेश्वर में शीघ्र मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ होने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पूनम चौधरी, किशोर राय, मनीष राय, नीलम शिवहरे एवं शिवानी शिवहरे का अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन रंजना सूर्यवंशी ने किया। कार्यक्रम में शंकरलाल राय, पप्पू राय, संजय राय, पार्षद संध्या जायसवाल, डोली मालवी, खेमराज चौहान, ज्योति जायसवाल, सुशीला चौकसे, रेनू जायसवाल, आरती अजय जायसवाल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। अंत में नीलम शिवहरे द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## भैंस चोरी गिरोह पर चाकसू पुलिस की कार्रवाई, 5 युवक डिटेन; पिकअप व भैंस बरामद

जयपुर टाइम्स





चाकसू(निस)। जयपुर दक्षिण के चाकसू क्षेत्र में लगातार हो रही भैंस चोरी की वारदातों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को डिटेन कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन व एक भैंस भी बरामद की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज (आईपीएस) ने बताया कि हाल के दिनों में चाकसू, शिवदासपुरा, कोटखावदा व सांगानेर सदर थाना क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों से भैंस चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। इन मामलों में संबंधित थानों में अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई थी। चोरी व नकबजनी की वारदातों में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित किशोर शर्मा के सुपरविजन व सहायक पुलिस आयुक्त भवानी सिंह (आरपीएस) के निर्देशन में चाकसू, शिवदासपुरा, सांगानेर सदर व कोटखावदा थानों की संयुक्त टीम का गठन किया गया। थानाधिकारी मनोहर लाल मेघवाल ने बताया कि पुलिस टीम ने वारदात स्थलों के आसपास व टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और पारंपरिक व तकनीकी सहायता से आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की। कार्रवाई के दौरान सूरज नायक (19), मनीष नायक (18), देवा उर्फ देवराज उर्फ सुरेन्द्र नायक (19) निवासी ग्राम किरतपुरा चाकसू, पन्या उर्फ स्टेफनी (18) निवासी ग्राम गरुड़वासी थाना कोटखावदा तथा राजवीर नायक (21) निवासी किलकीपुरा फाटक शिवदासपुरा को डिटेन किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन व चोरी की गई एक भैंस बरामद की है। आरोपियों से पूछताछ जारी है और अन्य वारदातों के खुलासे की भी संभावना जताई जा रही है।

## आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स




**दूदू(निस)।** कस्बे में पिछले आठ दिन से आयुर्वेद विभाग एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का गोपाल परिहार अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं, उपचार पद्धतियों व रोगियों को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया कर शिविर में की जा रही सेवाओं की सराहना करते हुए पूरी टीम की प्रशंसा की। यह शिविर उप मुख्यमंत्री व आयुष मंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। डॉ. प्रहलाद मीणा शिविर प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को शिविर में नए क्षारसूत्र चिकित्सा के 13 रोगियों का उपचार किया गया। इसके अतिरिक्त अग्निकर्म से 122, मर्म एवं वेद्य चिकित्सा से 108 तथा पंचकर्म चिकित्सा से 85 रोगियों को लाभ प्रदान किया गया। शिविर में डॉ. राधेश्याम जोशी, डॉ. मुकेश चौधरी, डॉ. ऋषि आर्य, डॉ. संतोष कुमारी, डॉ. विनोद कुमार कुमावत, डॉ. लक्ष्मी सेनी एवं डॉ. रोहिताश ने सेवाएं प्रदान की। वरिष्ठ कंपाउंडर भंवर लाल जाट व रतन लाल जाट ने उपचार व्यवस्थाओं में सहयोग किया।बनर्सिंग स्टाफ में नेहा सिंह, राधा पाराशर, प्रमोद देवी व भवरी देवी ने रोगियों की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही मंगल शर्मा व चमन लाल ने भी शिविर संचालन में सहयोग देते हुए अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में बड़ी संख्या में रोगियों ने आयुर्वेदिक उपचार पद्धतियों का लाभ उठाया तथा विभाग की इस पहल की बहुत बहुत सराहना की।

## एयू फाइनेंस पर कर्ज वसूली में कथित दबाव के आरोप, न्याय की गुहार

जयपुर टाइम्स




**फुलेरा(निस)।** कस्बे के श्रीराम नगर क्षेत्र में एयू फाइनेंस पर कर्ज वसूली को लेकर एक पीड़ित परिवार को कथित रूप से प्रताड़ित करने के आरोप सामने आए हैं। जानकारी के अनुसार शैतान सिंह ने वर्ष 2018 में एयू फाइनेंस से 3 लाख रुपये का लोन लिया था। नियमित किस्तें जमा कराने पर बाद में उन्हें टॉप-अप लोन भी दिया गया। लोन प्रक्रिया के दौरान कंपनी ने बीमा सुरक्षा का आश्वासन देते हुए राशि भी काटी थी। बताया जा रहा है कि 22 अप्रैल 2022 को शैतान सिंह की मृत्यु के बाद कैंसर पीड़ित पत्नी और परिवार आर्थिक संकट में घिर गया। आरोप है कि बीमा नियमों के बावजूद कंपनी प्रतिनिधियों ने लगातार दबाव बनाते हुए धमकी और मकान खाली कराने की कोशिश की। पीड़िता का कहना है कि भुगतान करने के बावजूद दस्तावेज वापस नहीं लौटाए गए और प्रताड़ना जारी है। मामले की सूचना मिलने पर अंजलि महिला व बाल उत्थान संगठन के संस्थापक अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा मौके पर पहुंचे और परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया। संगठन ने आरबीआई गाइडलाइन के उल्लंघन की जांच कर कार्रवाई की मांग उठाई है।

# अशोक गहलोत के घर जाकर मिले गोविंद सिंह डोटासरा, दोनों नेताओं के बीच कई मुद्दों को लेकर बातचीत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के बीच गुरुवार को राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जयपुर में अशोक गहलोत के सिविल लाइंस स्थित आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक बातचीत होने की जानकारी मिली है दोनों नेताओं के बीच कांग्रेस पार्टी के संगठन से जुड़े विषयों के अलावा कांग्रेस पार्टी के आगे के कार्यक्रमों और कांग्रेस पार्टी की ओर से वर्तमान में जो ज्वलंत मुद्दे उठाए गए हैं । उनके बारे में विस्तार से बातचीत हुई है हालांकि अशोक गहलोत पिछले कुछ दिनों से बीमार हैं और गहलोत घर पर ही उपचार ले रहे हैं इसलिए कांग्रेस पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में भी उनकी उपस्थिति नजर नहीं आ रही है डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की



सलाह दी है इसीलिए पिछले दिनों जब दिल्ली में राजस्थान कांग्रेस के बड़े नेताओं की बैठक हुई थी यह बैठक राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मिलकर ली थी इस बैठक में भी स्वास्थ्य कारण की वजह से गहलोत नजर नहीं आए थे इसलिए गहलोत से मुलाकात के बाद डोटासरा ने कहा कि स्वास्थ्य का हाल-चाल जानने के लिए अशोक गहलोत से मिले थे लेकिन राजस्थान में बजट सत्र जारी है दूसरी तरफ दिल्ली में भी राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की ओर से केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ संसद में जोरदार संघर्ष चल रहा है । इस स्थिति मे गहलोत और डोटासरा के बीच जयपुर में काफी देर तक बातचीत हुई है उसको लेकर राजनीतिक गलियारों में भी कई तरह की चर्चाएं सुनने को मिल रही है जानकार लोगों का कहना है कि अशोक गहलोत प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं केंद्र सरकार में भी मंत्री रहे है। राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय संगठन में भी बड़ी-बड़ी भूमिका निभा चुके हैं इसके अलावा गांधी परिवार से भी उनके रिश्ते काफी पुराने हैं इसलिए भले ही अशोक गहलोत की पोजीशन कांग्रेस पार्टी में पहले की तरह नहीं मानी जा रही हो लेकिन कांग्रेस के दिल्ली में बैठे नेता भी गहलोत की राजनीतिक चतुराई और कौशल को अच्छी तरह से समझते हैं इस बात को राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी जानते हैं कि गहलोत राजस्थान के कांग्रेस के एक बड़े लीडर हैं इसलिए बजट सत्र के बीच डोटासरा ने उनके आवास पर जाकर उनसे जो लंबी मंत्रणा की है उसे प्रदेश की राजनीति में हल्का नहीं माना जा सकता उल्लेखनीय है कि पूर्व में गोविंद सिंह डोटासरा अशोक गहलोत सरकार के कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं गहलोत और डोटासरा के बीच बहुत अच्छी पॉलिटिकल ट्यूनिंग भी थी लेकिन विधानसभा चुनाव के बाद इन दोनों नेताओं के बीच कहीं ना कहीं पहले की तरह नजदीकियां नहीं है लेकिन दोनों नेता एक दूसरे का आदर और सम्मान करते हैं इसीलिए डोटासरा ने गुरुवार को उनके घर जाकर उनसे मुलाकात की ।

## जयपुर में मांचवा सरपंच राजेंद्र मोयल को 100000 रुपए की रिश्वत लेते एसीबी ने गिरफ्तार किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के जयपुर जिले की ग्राम पंचायत मांचवा के सरपंच राजेंद्र को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एंटी करप्शन ब्यूरो की इस कार्रवाई के बाद ग्राम पंचायत प्रशासन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है इसके अलावा ग्राम पंचायत से जुड़े वार्ड पंच उप सरपंच इत्यादि के चेहरों पर भी इस घटना को लेकर चिंता छाई हुई है क्योंकि सरपंच की ओर से रिश्वत की इतनी बड़ी रकम लेना कहीं ना कहीं यह दर्शाता है कि ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार बुलंदियों पर था इसलिए इंटीग्रेशन ब्यूरो की टीम ने ग्राम पंचायत के सभी दस्तावेज रिकॉर्ड डिजिटल डाटा इत्यादि को बरामद कर लिया है इस सब की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है इसके अलावा गिरफ्तार सरपंच के कार्यकाल में जितने भी विकास कार्य हुए हैं उन सब कार्यों के बारे में भी जांच पड़ताल की जा रही है इसके अलावा बरामद की गई रिश्वत की रकम में किसी अन्य का हिस्सा तो निश्चित नहीं है इस बात की भी जांच पड़ताल की जा रही है जानकारी के अनुसार एंटी करप्शन ब्यूरो ने गुरुवार को इस कार्रवाई को बहुत ही गोपनीय ढंग से एक रणनीति के तहत अंजाम दिया है खबर लिखे जाने तक यह जानकारी नहीं मिल पाई कि गिरफ्तार सरपंच ने रिश्वत की रकम किस कार्य के बदले ली थी लेकिन सरपंच के रिश्वत की रकम लेते गिरफ्तार जरूर किया गया है।

## समाजसेवी गणेश बोहरा लगाएंगे महा रक्तदान व निःशुल्क चिकित्सा शिविर

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** बगरू विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी व भारतीय जनता पार्टी के युवा कार्यकर्ता गणेश बोहरा रविवार को द्वितीय महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक बरसाना बाग, भाटावाला, वाटिका रोड, सांगानेर (जयपुर) में आयोजित होगा। गणेश बोहरा ने बताया कि रक्तदान शिविर के साथ-साथ होम्योपैथी, निःशुल्क नेत्र जांच व परामर्श शिविर भी लगाया जाएगा, जिससे आमजन को स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का लाभ मिल सके। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की ओर से स्वास्थ्य जांच कर परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व हेलमेट देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। गणेश बोहरा ने क्षेत्र के युवाओं व आमजन से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर रक्तदानकर इस पुण्य कार्य में सहयोग करने की अपील की है।

## रेल संपत्ति चोरी का खुलासाः आरपीएफ ने तीन आरोपियों को पकड़ा, केबल बरामद

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) फुलेरा ने रेल संपत्ति चोरी के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की पावर सप्लाई केबल बरामद की है। मामले में मुख्य आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है, जबकि दो अन्य आरोपियों को न्यायालय से जमानत मिल गई। आरपीएफ थाना निरीक्षक सुरेश कुमार मीणा ने बताया कि एसएससी सी एंड डब्ल्यू से प्राप्त मेमो के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 147 के तहत मामला दर्ज किया गया था। उत्तर पश्चिम रेलवे के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ज्योति कुमार सतीजा और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ओंकार सिंह के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम में निरीक्षक सुरेश कुमार मीणा, सहायक उपनिरीक्षक रामनाथ मीणा, हेड कांस्टेबल दीपेंद्र सिंह व कांस्टेबल महेंद्रपाल शामिल रहे। टीम ने लगातार प्रयास कर दो आरोपियों सहित चोरी का माल खरीदने वाले एक रिसीवर को भी पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से करीब 9,500 रुपए मूल्य की चोरी गई पावर सप्लाई केबल बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों को 3 फरवरी को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे जयपुर के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय ने मुख्य आरोपी रोहित राय पुत्र हरिशंकर राय निवासी फुलेरा को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया, जबकि गिरिराज उर्फ मुकेश पुत्र ताराचंद निवासी सांभर व कबाड़ी अलदीन पुत्र कालू निवासी कबीर नगर फुलेरा को जमानत पर रिहा कर दिया।

## जयपुर डेयरी की 'सरस लाडो मायरो' पहलः दुग्ध उत्पादक की बेटी का भरा मायरा



जयपुर टाइम्स


**सांभरलेक(निस)।** जयपुर डेयरी चेयरमैन ओमप्रकाश पूनियां की पहल पर शुरू की गई 'सरस लाडो मायरो' योजना के तहत दुग्ध उत्पादकों की बेटियों की शादी में सहयोग का अनूठा उदाहरण देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में दुग्ध उत्पादन समिति माल्यावास की दुग्ध उत्पादक सुमित्रा देवी की बेटी गरिमा के विवाह अवसर पर मायरा भरकर आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। राजस्थान की पारंपरिक मायरा (भात) रस्म के तहत ननिहाल पक्ष के साथ-साथ जयपुर डेयरी के दूदू जोन के अधिकारियों ने भी सहभागिता निभाई। इस दौरान 'सरस लाडो मायरो' योजना के तहत 21 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया, वहीं सचिवों ने कन्यादान स्वरूप 2100 रुपए नकद, साफा और चुनरी भेंट कर मायरा भरा। इस पहल से मौके पर मौजूद लोगों में खुशी और उत्साह का माहौल रहा और सभी ने डेयरी अधिकारियों का आभार जताया। कार्यक्रम में दूदू जोन इंचार्ज मदनलाल ऐचरा, पूर्व संचालक मंडल सदस्य आनंदीलाल देवन्दा, डेयरी कर्मचारी चन्द्र सामोता, सचिव आनंद सिंह, अध्यक्ष रेशम कंवर, गंगाराम रणवा, प्रभुदयाल सिंगला, लछमण सामोता, भागचंद भठेश्वर, मदन डुक्या, हनुमान जाट, कैलाश चौधरी, जयपाल सहित बड़ी संख्या में सचिव व ग्रामीण मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया पर कांस्टेबल का विवादित वीडियो वायरल, कोर्ट को लेकर बयान से मचा बवाल!

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर में इन दिनों सोशल मीडिया पर एक पुलिस कांस्टेबल का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कथित रूप से एक जाति विशेष का नाम लेते हुए कोर्ट-कचहरी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां करता नजर आ रहा है। वीडियो सामने आने के बाद लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार संबंधित कांस्टेबल द्वारा बनाए गए वीडियो में कोर्ट-कचहरी को लेकर 'हिलने' और 'सिक्का चलने' जैसी बातें कही जा रही हैं, जिसको लेकर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद आमजन के बीच इसकी काफी चर्चा है।

## राजस्थान सौर एवं पवन ऊर्जा का पावरहाउस बनेगा, 2030 तक 125 गीगावाट नवीकरणीय क्षमता का लक्ष्यः मदन राठौड़


### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत राजस्थान में अब तक 1,31,057 घरों में रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कहा कि केंद्र सरकार राजस्थान को नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (एनआईएसई) के अनुसार राजस्थान में सौर ऊर्जा की अनुमानित क्षमता 828 गीगावाट है, जबकि राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान(एनआईडब्ल्यूई ) के अनुसार राज्य में 150 मीटर ऊँचाई पर पवन ऊर्जा की अनुमानित क्षमता 284 गीगावाट है। यह आंकड़े साबित करते हैं कि राजस्थान देश का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा केंद्र बनने की क्षमता रखता है। राठौड़ के सवाल के जवाब में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाईक ने सदन को यह जानकारी दी। राठौड़ ने बताया कि केंद्र सरकार की सोलर पार्क एवं अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना योजना के अंतर्गत राजस्थान में कुल 10,726 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्क स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें प्रमुख रूप से भादला, फलोदी–पोकरण, फतेहगढ़, नोख, पुगल बीकानेर एवं जैसलमेर क्षेत्र शामिल हैं। राज्यसभा सांसद राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत राजस्थान में अब तक 1,31,057 घरों में रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित हो चुके हैं। इससे आम जनता को बिजली बिल से राहत मिल रही है और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिल रहा है। किसानों के हित में प्रधानमंत्री कुसुम योजना के माध्यम से सोलर पंपों की स्थापना, ग्रिड से जुड़े कृषि पंपों के सोलराइजेशन तथा किसानों को अपनी भूमि पर सौर संयंत्र स्थापित कर सौर उद्यमी बनने का अवसर दिया जा रहा है। राठौड़ ने बताया कि राजस्थान सरकार की एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति 2024 के अंतर्गत वर्ष 2030 तक राज्य में 125 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य तय किया गया है। उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल के लिए केंद्र सरकार की पीएलआई योजना के तहत देशभर में लगभग 48.3 गीगावाट की विनिर्माण क्षमता के लिए लेटर ऑफ अवार्ड जारी किए गए हैं। राजस्थान में दो कंपनियों द्वारा जयपुर जिले में लगभग 5.7 गीगावाट सौर पीवी मॉड्यूल निर्माण क्षमता स्थापित की जा चुकी है। राठौड़ ने बताया कि रोजगार के विषय में पीएलआई योजना के तहत देशभर में अब तक लगभग 13,600 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं, जिनमें से 3,156 रोजगार जयपुर तथा 20 रोजगार बाड़मेर जिले में सृजित हुए हैं। राठौड़ ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण भारत की घरेलू सोलर मॉड्यूल निर्माण क्षमता एएलएमएम सूची के तहत बढ़कर लगभग 144 गीगावाट हो चुकी है तथा सोलर मॉड्यूल का निर्यात वित्त वर्ष 2021-22 में 83 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2024-25 में लगभग 1121 मिलियन डॉलर हो गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन योजनाओं से राजस्थान को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार और किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर मिल रहे हैं, जो विकसित भारत 2047 के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हैं।

## मदन राठौड़ के सवाल के जवाब में बोले केंद्रीय मंत्री- जनजाति क्षेत्र में शिक्षा खेल और कौशल विकास को लेकर सरकार गंभीर





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ द्वारा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के विस्तार को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने बताया कि केंद्र सरकार जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, खेल एवं कौशल विकास को सशक्त बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। दिसंबर 2025 तक देशभर में कुल 723 ईएमआरएस स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिनमें से 499 विद्यालय वर्तमान में कार्यशील हैं। राजस्थान राज्य में 31 ईएमआरएस स्वीकृत किए गए हैं और सभी कार्यशील हैं, जो प्रदेश के जनजातीय विद्यार्थियों के लिए बड़ी उपलब्धि है। राठौड़ ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर देशभर में 42 ईएमआरएस का उद्घाटन किया गया, जिनमें आंध्र प्रदेश में 2 और तेलंगाना में 4 विद्यालय शामिल हैं। इसके साथ ही 50 ईएमआरएस की आधारशिला रखी गई। राजस्थान में इस अवसर पर 3 ईएमआरएस का उद्घाटन किया गया। उन्होंने बताया कि ईएमआरएस में शिक्षा एवं खेल सुविधाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आधुनिक कक्षाएं, विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेल मैदान, खेल उपकरण, स्मार्ट क्लास, इंटरनेट सुविधा, संगीत व कला कक्ष, तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। राठौड़ ने बताया कि डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अमेज़न फ्यूचर इंजीनियर (एईई) कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर के 298 ईएमआरएस विद्यालयों में कंप्यूटर विज्ञान शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। यह कार्यक्रम लर्निंग लिंक फाउंडेशन के माध्यम से आवर ऑफ कोड, कोड-ए-थॉन तथा इंटरैक्टिव मॉड्यूल्स द्वारा छात्रों को प्रोग्रामिंग एवं समस्या समाधान कौशल सिखा रहा है। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि जनजातीय समाज के बच्चे आधुनिक शिक्षा, तकनीक एवं कौशल से जुड़कर आत्मनिर्भर बनें और देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## टीकाराम जूली ने सरकार को कई मुद्दों पर घेरा और कहा पंचायत और निकाय चुनाव क्यों नहीं करना चाहती सरकार ?

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में गुरुवार को राष्ट्रपति के अभी भाषण पर चर्चा के दौरान प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने भीष्म पितामह द्वारा युधिष्ठिर को सुनाएं श्लोक से अपने भाषण की शुरुआत की उन्होंने कहा कि की महाभारत में भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर से कहा था कि जो राजा सत्य बोलता है उसकी प्रजा उसे त्याग देती है सरकार को यह भी नहीं पता की जनता से कितने वादे किए, 128 वादे किए लेकिन उनकी हकीकत क्या है उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ बयानों में नजर आ रही है हकीकत में कुछ भी कार्य नहीं हो रहा उन्होंने कहा कि सरकार के विधायक ही सरकार से परेशान है कोई विधायक थानेदार के जाकर पांव पड़कर काम करवाने की चेष्टा कर रहा है तो कोई विधायक जान देने की बात कह रहा है तो कोई विधायक धरना प्रदर्शन करने की बात कह रहा है यह हाल है सरकार का उन्होंने कहा कि सरकार के कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री में प्रधान को हटाने को लेकर झगड़ा चल रहा है सरकार में ही आपस में अंतर विरोध की स्थिति मंत्रियों में बनी हुई है तो फिर प्रदेश की जनता का क्या हाल होगा इसका सहेजी अंदाजा लगाया जा सकता है प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने प्रदेश के कानून व्यवस्था पर भी निशाना साधा और सरकार से पूछा कि सरकार पंचायत और नगर निकाय चुनाव क्यों नहीं करवाना चाहती उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने निर्वाचन क्षेत्र में ही काम नहीं करवा पा रहे इसलिए लगता है सरकार की जय राम जी हो गई प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार की योजनाएं बंद करने और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर अपने भाषण में सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की इस बीच प्रतिपक्ष के नेता की ओर से राहुल गांधी का नाम लिए जाने पर सदन में जोरदार हंगामा देखने को मिला इस मौके पर बीकानेर में चल रहे खेजड़ी बचाओ आंदोलन का मुद्दा भी प्रतिपक्ष के नेता ने उठाया जूली ने कहा कि मौजूदा सरकार कामका से ज्यादा प्रचार प्रचार पर ज्यादा ध्यान दे रही है उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दे पर काम काम हो रहा है जबकि ब्रांडिंग पर जोर दिया जा रहा है जूली ने दावा किया कि सरकार ने प्रचार के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए हैं उन्होंने कहा कि सरकार में काम हो या ना हो लेकिन प्रचार में कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही उन्होंने कहा कि सरकार ने जो यूट्यूब चैनल बनाए हैं जिन पर दर्शकों की संख्या बहुत ही कम है इन यूट्यूब चैनल पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने प्रदेश में प्रशासनिक स्तर पर हुए बदलावों को लेकर भी सवाल खड़े किए उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव के जाने के बाद विपक्ष में यह चर्चा होने लगी थी कि अगला नंबर किसका होगा उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि कहीं मुख्यमंत्री ही ना बदल जाए लेकिन विपक्ष चाहता है कि मुख्यमंत्री पूरे 5 साल तक अपना कार्यकाल करें जूली ने आरोप लगाया कि एक बड़े उद्योगपति के सरकार से मिलने के अगले ही दिन कैबिनेट की बैठक बुला ली गई उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो वह उसे उद्योगपति का नाम भी सार्वजनिक कर सकते हैं इसके साथ ही उन्होंने विधायक दल की बैठक का हवाला देते हुए कहा कि उस बैठक में एक मंत्री ने सरकार की जमीनी हकीकत बयान की थी नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विधायक दल की बैठक में एक मंत्री ने स्वीकार किया था कि एक मंत्री की वजह से हालात ऐसे बन गए हैं कि लोग गांव में विधायक को नहीं आने देंगे इस बयान को लेकर भी सदन में चर्चा तेज हो गई ।अपने भाषण में जूली ने कहा कि राहुल गांधी लोकसभा के विपक्ष के नेता हैं उन्हें बोलने का पूरा अधिकार है लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा है उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया जानती है उनके पिता और उनकी दादी ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है और जहां तक सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा खुद की पीठ थपथपा रही है तो यह बात भी ध्यान में रखना होगा कि यह कोई पहली बार हमारी मिलिट्री ने बहादुरी नहीं दिखाई है इससे पहले भी हमारी सरकार के दौरान भी पाकिस्तान को घुटने पर बैठने के लिए मजबूर कर दिया था और स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने तो पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे इसलिए राहुल गांधी कोई मामूली नेता नहीं है वे जो बात बोलते हैं।

## एसीबी ने ग्राम पंचायत के सचिव और एलडीसी को 210000 रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से प्रदेश के चित्तौड़गढ़ जिले में गुरुवार को बड़ी कार्रवाई को हम देते हुए सिंगापुर ग्राम पंचायत के ग्राम सचिव और लिपिक को 210000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एसीबी की टीम ने गिरफ्तार अभियुक्त ग्राम सचिव परसराम विश्नोई और लिपिक बाबूलाल के विभिन्न ठिकानों पर सर्च अभियान को अंजाम दे रहे हैं एसीबी के अधिकारी इस बात की भी जांच पड़ताल कर रहे हैं कि बरामद की गई रकम में किसी अन्य का हिस्सा तो निश्चित नहीं है इसके अलावा ग्राम सचिव और लिपि की ओर से संपादित की गई विभिन्न फाइलों और आवेदनों की भी जांच पड़ताल की जा रही है एक एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों को संदेह है कि गिरफ्तार अभियुक्त बिना पैसा लिए कोई काम नहीं करते थे इसलिए ग्राम पंचायत के सभी दस्तावेजों डिजिटल डाटा इत्यादि की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है तथा गिरफ्तार अभियुक्तों के बैंक अकाउंट के बारे में भी आवश्यक जानकारी हासिल की जा रही है इसके अलावा गिरफ्तार अभिव्यक्तियों के निकट के परिजनों और रिश्तेदारों के बैंक अकाउंट और अन्य विषयों पर भी एंटी करप्शन ब्यूरो की जांच की सुई घूम सकती है क्योंकि जिस तरह से ग्राम पंचायत से जुड़े बिलों को पास करने के बदले इतनी बड़ी रकम रिश्वत के तौर पर मांगी गई है तो जाहिर तौर पर इस पंचायत में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था इसलिए इस मामले को गंभीरता से जांच की जा रही है एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त परसराम विश्नोई सिंहपुर ग्राम पंचायत में ग्राम सचिव पद पर और गिरफ्तार अभियुक्त बाबूलाल एलडीसी पद पर कार्यरत है इन दोनों आरोपी लोगों ने परिवादी से ग्राम पंचायत से जुड़े विकास कार्यों के बिल मंजूर करने के बदले रिश्वत की रकम मांगी थी जिसकी शिकायत परिवादी ने एंटी करप्शन ब्यूरो में दर्ज करवाई एंटी करप्शन ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने आरोपी परसराम बिश्नोई और बाबूलाल को गिरफ्तार करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत गुरुवार को जैसे ही परिवार आदि ने आरोपी परसराम विश्नोई और बाबूलाल को रिश्वत के 210000 रुपए दिए वैसे ही वहां एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ परशुराम बिश्नोई और बाबूलाल को मौके पर ही पकड़ लिया एंटी करप्शन ब्यूरो की इस कार्रवाई के बाद ग्राम पंचायत प्रशासन से जुड़े लोगों में खलबली मच गई इसके अलावा ग्राम पंचायत प्रशासन से जुड़े सरपंच और वार्ड पंच भी इस घटना से काफी हैरान दिखे ।

## रेडिएशन टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशनः गौरव गोयल बने धौलपुर जिला अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** रेडिएशन टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमावत ने जिले में संगठन विस्तार के तहत नई नियुक्तियां करते हुए गौरव गोयल को धौलपुर जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। वहीं रितु गोयल को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। नियुक्ति के बाद स्टाफ सदस्यों ने दोनों का स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर गौरव गोयल ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे तथा संगठन के कैडर के हित में हमेशा तत्पर रहेंगे। लैब टेक्नीशियन जयंत अरेला ने खुशी जताते हुए कहा कि जिले से दूसरी बार भी बाड़ी क्षेत्र से जिला अध्यक्ष चुना जाना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि एक ईमानदार और कर्मठ व्यक्ति को यह जिम्मेदारी मिली है और उम्मीद है कि वे संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। इस दौरान रेडियोग्राफर व लैब टेक्नीशियन संघ के सदस्यों ने गौरव गोयल को बधाई दी। कार्यक्रम में सुरेश मीणा, चंद्रशेखर पाराशर, राजकुमार, पुनीत जिंदल, रितु, कीर्ति परमार, विनोद, हरदयाल, कौशल, अंकित सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### अच्छे संस्कारों का ज्ञान प्राप्ति के लिए श्रीराम भाईयों के साथ गुरूकुल गएः शिविनंदराश्रम महाराज

**सरदारशहर(निस)।** ग्राम पंचायत फोगां में करणी एवं ओरणनंदीशाला में 9 दिवसीय श्रीराम कथा के आयोजन में चौथे दिन कथा वाचक स्वामी शिवनंदराश्रम महाराज ने कहा कि जब श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न शिक्षा की अवस्था में आये तो पिता दशरथ ने उन्हे ज्ञान की प्राप्ति के लिए गुरूकुल भेजने का निर्णय लिया। गुरूकुल में सभी विद्यार्थी एक समान रहते थे। ऐसे में श्रीराम और सभी भाईयों को गुरूकुल की वेशभूषा में गुरू के साथ जाना पड़ा। चारों भाईयों ने शिक्षा के साथ साथ गुरूकुल की रक्षा और गुरु के हर आदेश की पालना कर बालकों को मर्यादा की प्रेरणा दी। जबकि आज के अभिभावक भी बालकों को यदि गुरू दण्डित करें तो ओलमा देने चले जाते हैं। जिसके कारण बच्चे संस्कार व्हिन हो रहे हैं। जबकि गुरूकुल में संस्कारवान की शिक्षा दी जाती है।

## कहानी

### भगवान श्रीकृष्णजी की कृपा

केरल के गुर्वायुर में भगवान श्रीकृष्णजी का मंदिर बहुत लोकप्रिय है और हजारों भक्त इस मंदिर में नियमित रूप से दर्शन के लिए आते हैं । भगवान श्रीकृष्ण का एक बहुत धनवान भक्त था; परंतु वह पैरों में अत्यधिक पीडा होने के कारण चल नहीं पाता था । उसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए उठाकर ले जाना पडता था । धनवान होने के कारण उसने अपने सभी कार्यों के लिए सेवक रखे हुए थे । भगवान के इस भक्त ने गुरुवायुर के मंदिर में अपनी पीडा से मुक्ति पाने के लिए 41 दिनों तक पूजा का संकल्प किया । उसकी श्रद्धा थी कि इस प्रकार पूजा करने से भगवान श्रीकृष्ण उसे इस पीडा से मुक्त कर देंगे । 41 दिनोंतक की उसकी पूजा के लिए हर सुबह उसके सेवक नहाने के लिए मंदिर के तालाब तक उसे उठाकर ले जाते थे । उसने इस प्रकार अपनी पूजा के 40 दिन पूर्ण कर लिए थे । परन्तु उसकी पीडा में कोई सुधार नहीं हो रहा था । उसी ग्राम में भगवान श्रीकृष्ण का एक और बहुत गरीब भक्त था और उसी मंदिर में वह अपनी पुत्री के विवाह के लिए पूर्ण श्रद्धा से प्रार्थना कर रहा था । उसकी पुत्री का विवाह तय हो चुका था; परंतु उसके पास सोने के आभूषण खरीदने और विवाह का प्रबंध करने के लिए धन नहीं था । इस भक्त की भी पूर्ण श्रद्धा थी कि भगवान उसके लिए धन की कहीं न कहीं से व्यवस्था कर उसकी अडचन को भी अवश्य दूर करेंगे । इस भक्त के स्वप्न में भगवान श्रीकृष्णजी आए और उसे अगले दिन सुबह में मंदिर के तालाब पर जाने का निर्देश दिया । भगवान ने भक्त को आदेश दिया कि उसे वहां सीढियों पर एक छोटी-सी थैली मिलेगी जिसे लेकर वह पीछे देखे बिना भाग जाए । अगले दिन अमीर भक्त का पुजा का 41वां दिन था । अभीतक उसके पैरों की पीडा में कोई सुधार नहीं हुआ था, पर फिर भी भगवान कृष्ण को अर्पण करने के लिए वह एक छोटी थैली में सोने के सिक्के लेकर आया था । स्नान के लिए जाने से पूर्व उसने थैली को मंदिर के तालाब की सीढियों पर रख दिया । स्वप्न में भगवान के बताए अनुसार वह गरीब भक्त मंदिर के तालाब पर पहुंचा और सीढियों पर उसे एक छोटी सी थैली रखी मिली । उसे उठाकर वह पीछे मुडे बिना वहां भाग गया । तभी धनवान भक्त ने देखा कि तालब के किनारे पर उसने भगवान श्रीकृष्णजी को अर्पण करनेके लिए जो थैली रखी थी, उसको एक व्यक्ति लेकर भाग रहा है । वह तत्काल पानी से बाहर निकला और उस चोर के पीछे भागने लगा । परंतु वह चोर को पकड नहीं पाया और निराश होकर लौट आया । तभी अचानक उस धनवान भक्तके ध्यान में आया कि चोर को पकडने के लिए वह कैसे दौड गया, जबकि पहले तो उसे उठाकर ले जाना पडता था । इस चमत्कार के अनुभव से वह चकित होकर खडा का खडा ही रह गया । उसे अत्यधिक आनंद हुआ । वह अपने पैरों पर चलने के लिए सक्षम हो गया था तथा उसे अपनी पी डा से भी मुक्ति मिल गई थी । भगवान कृष्ण की इस अनंत कृपा के लिए उसने प्रभु को धन्यवाद व्यक्त किया । इस प्रकार 41वें दिन ईश्वर अपने दोनों भक्तों की श्रद्धा से प्रसन्न होकर उन्हें उदारतापूर्वक आशीर्वाद दिया तथा उनकी सारी अडचनें दूर कर दीं ।

# डॉलर के दबदबे से सचेत होती दुनिया

*क्रेडिट संकट के समय सोने ने हमेशा लेनदेन के सर्वग्राह्य और भरोसेमंद माध्यम की भूमिका निभाई है। उसकी सीमित मात्रा और सर्वग्राह्यता के कारण उसके दाम भी संकटकाल को छोड़कर औसतन स्थिर ही रहे हैं। इसलिए इन दिनों विश्व भर के केंद्रीय बैंक और बहुराष्ट्रीय निवेश कंपनियों ने अपने-अपने कोषों में अमेरिकी बांड और डॉलरों को घटाकर उनकी जगह सोने को रखना शुरू किया है। पिछले पांच वर्षों में चीन ने अपना स्वर्ण भंडार बढ़ाने के लिए 351 टन, भारत ने 218 टन और जापान ने 81 टन सोना खरीदा है। भारत ने 51 अरब डॉलर के अमेरिकी बांड बेचकर उनके भंडार में 21 प्रतिशत की कटौती की है और उनकी जगह सोने का भंडार बढ़ाकर 880 टन कर लिया है जो उसके विदेशी मुद्रा भंडार का 16 प्रतिशत है। सोने की कीमतों में निरंतर उछाल का प्रमुख कारण यही है। कुछ बाजार विशेषज्ञों का तो कहना है कि सोने के दाम अगले दो-तीन साल में 30,000 रुपये प्रति ग्राम पर भी पहुंच सकते हैं।*
*अमेरिकी बांड की साख लंबे राजकोषीय अनुशासन, राजनीतिक स्थिरता के साथ मिलने वाली निश्चित आय से बनी है। वह कर्ज की राशि डॉलरों में अदा करने के साथ-साथ ब्याज भी चुकाता है, जिसकी दरें बांड की अवधि पर और तत्कालीन ब्याज दरों के रुझान पर निर्भर करती हैं। आम तौर पर अमेरिकी बांड पर मिलने वाले ब्याज की दरें महंगाई की दर से अधिक ही रहती हैं।*



सोने और चांदी के चढ़ते-उतरते भाव इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। विश्व स्वर्ण परिषद के अनुसार पिछले वर्ष दुनिया में 3,670 टन सोने का रिकार्ड उत्पादन हुआ था। वैश्विक उत्पादन के लगभग 40 प्रतिशत सोने की खपत अकेले चीन और भारत में होती है। हालांकि आसमान छूती कीमतों के कारण वहां भी सोने की मांग में उछाल की जगह लगभग 10-11 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। ऐसी स्थिति में सवाल उठता है कि ऐसी खपत में हालिया 10 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद सोने के दाम में यह उछाल क्यों आया है? इसकी सबसे बड़ी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हैं। डॉलर और उसमें भुगतान के लिए जारी किए जाने वाले अमेरिकी ऋणपत्र या बांड अपनी साख की वजह से लगभग सौ वर्षों से अंतरराष्ट्रीय लेनदेन और राजकोषों के रिजर्व का प्रमुख माध्यम बने हुए थे। अमेरिका ने इन्हें हथियार बनाकर रूस को यूक्रेन से खदेड़ने की कोशिश की। रूस और उसके समर्थकों को डॉलर में होने वाले लेनदेन की अंतरराष्ट्रीय प्रणाली से बाहर कर दिया और यूरोपीय बैंकों में अमेरिकी बांड एवं डॉलर के रूप में जमा रूसी संपत्ति को फ्रीज कर दिया। ट्रंप ने सत्ता संभालते ही उनका और खुल्लम-खुल्ला प्रयोग करना और व्यापार को हथियार बनाना शुरू कर दिया। इसकी वजह से दुनिया को अमेरिका की नीयत पर संदेह होने लगा और उसकी मुद्रा और बांड की साख गिरने लगी। ट्रंप की लिबरेशन डे टैरिफ की घोषणा के समय भी अमेरिकी बांड और डॉलर की कीमतें गिरी थीं और सोने की कीमतों में उछाल आया था। क्रेडिट संकट के समय सोने ने हमेशा लेनदेन के सर्वग्राह्य और भरोसेमंद माध्यम की भूमिका निभाई है। उसकी सीमित मात्रा और सर्वग्राह्यता के कारण उसके दाम भी संकटकाल को छोड़कर औसतन स्थिर ही रहे हैं। इसलिए इन दिनों विश्व भर के केंद्रीय बैंक और बहुराष्ट्रीय निवेश कंपनियों ने अपने-अपने कोषों में अमेरिकी बांड और डॉलरों को घटाकर उनकी जगह सोने को रखना शुरू किया है। पिछले पांच वर्षों में चीन ने अपना स्वर्ण भंडार बढ़ाने के लिए 351 टन, भारत ने 218 टन और जापान ने 81 टन सोना खरीदा है। भारत ने 51 अरब डॉलर के अमेरिकी बांड बेचकर उनके भंडार में 21 प्रतिशत की कटौती की है और उनकी जगह सोने का भंडार बढ़ाकर 880 टन कर लिया है जो उसके विदेशी मुद्रा भंडार का 16 प्रतिशत है। सोने की कीमतों में निरंतर उछाल का प्रमुख कारण यही है। कुछ बाजार विशेषज्ञों का तो कहना है कि सोने के दाम अगले दो-तीन साल में 30,000 रुपये प्रति ग्राम पर भी पहुंच सकते हैं। अमेरिकी बांड की साख लंबे राजकोषीय अनुशासन, राजनीतिक स्थिरता के साथ मिलने वाली निश्चित आय से बनी है। वह कर्ज की राशि डॉलरों में अदा करने के साथ-साथ ब्याज भी चुकाता है, जिसकी दरें बांड की अवधि पर और तत्कालीन ब्याज दरों के रुझान पर निर्भर करती हैं। आम तौर पर अमेरिकी बांड पर मिलने वाले ब्याज की दरें महंगाई की दर से अधिक ही रहती हैं। इसलिए अपने कोष में अमेरिकी बांड रखने वाले देश या कंपनी को कोष की क्रयशक्ति की सुरक्षा के साथ-साथ ब्याज के रूप में कुछ लाभ भी मिलता रहता है। यह लाभ डॉलर या सोना रखने से नहीं मिल सकता। यही कारण है कि विदेशी मुद्रा भंडारों में अमेरिकी बांड का अनुपात नकद डॉलर और सोने से अधिक रहता है। जो देश अमेरिका के साथ व्यापार में साल-दर-साल लाभ कमाते रहे हैं उनके पास अमेरिकी डॉलर जमा हो जाते हैं। ये देश डॉलरों से अमेरिकी बांड खरीद लेते हैं। व्यापार के इस चक्र की वजह से अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज बढ़कर उसकी जीडीपी का 126 प्रतिशत यानी सवा गुना हो चुका है, जिसका 25 प्रतिशत दूसरे देशों के पास है जिनमें यूरोप, जापान, चीन और भारत प्रमुख हैं।

जब तक अमेरिका के डॉलर और बांड की साख बरकरार है, तब तक अमेरिका को कर्ज के बढ़ते पहाड़ की खास चिंता नहीं है, क्योंकि 2000 के डाट-काम और 2008 के वित्तीय संकट के बाद पहले से कम हो जाने के बावजूद दुनिया भर के विदेशी मुद्रा भंडारों का 57 प्रतिशत आज भी अमेरिकी बांड और डॉलरों में है। हालांकि भारत इस साल ब्रिक्स देशों के आपसी व्यापार के लिए केंद्रीय बैंकों की डिजिटल मुद्राओं के विनिमय लिंक की स्थापना का प्रस्ताव रखने वाला है, परंतु विश्व व्यापार में ब्रिक्स देशों की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत ही है और उसका श्रेय भी चीन को अधिक जाता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की हालिया रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका और यूरोप को छोड़कर आधे से अधिक व्यापार आज भी डॉलर में होता है। भले रूस, चीन, भारत और दक्षिण अमेरिकी देश आपसी व्यापार अपनी मुद्राओं में करने लगें, लेकिन छोटी मुद्राओं का आपसी विनिमय और तेल, गैस एवं सोने जैसी महत्वपूर्ण चीजों का मूल्य निर्धारण डॉलर में ही होता है। दूसरी मुद्राओं में लेनदेन के बाद भी बहुराष्ट्रीय कंपनियों और देशों को बाजार के उतार-चढ़ाव से बचने के लिए स्वैप या हेजिंग डॉलर में ही करनी पड़ती है। इतना अवश्य है कि ट्रंप की व्यापार अस्त्रीकरण की नीतियों के कारण दुनिया अमेरिकी बांड और डॉलर पर बनी निर्भरता के प्रति सचेत हो उठी है।

## सम्पादकीय

### बंगाल, ममता बनर्जी और मतदाता सूची,



निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उठ रहे सवालों का सिलसिला थम नहीं रहा है। बिहार से शुरू हुआ विवाद उत्तर प्रदेश से होकर अब पश्चिम बंगाल में केंद्रित हो गया है। पुनरीक्षण प्रक्रिया का मकसद मतदाता सूची से अपात्र लोगों को बाहर करना है, जिनमें स्थान बदलने वाले नागरिक या जिनकी मौत हो चुकी है या फिर गलत तरीके से नाम दर्ज कराने वाले लोग शामिल हो सकते हैं। चुनाव में शुचिता सुनिश्चित करने के लिए इस कवायद को जरूरी माना गया है और इस पर किसी को आपत्ति नहीं होगी, मगर इसमें सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू है पारदर्शिता और निष्पक्षता का। विभिन्न राज्यों में इस प्रक्रिया के तहत मसविदा मतदाता सूची से जितनी बड़ी संख्या में लोगों के नाम बाहर होने के दावे किए जा रहे हैं, उससे आम नागरिकों के मन में कई तरह की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। इससे संबंधित मामले में पश्चिम बंगाल सरकार ने बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखते हुए आरोप लगाया कि राज्य के लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा है। इस पर शीर्ष अदालत ने कहा कि हर समस्या का समाधान होता है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र व्यक्ति मताधिकार से वंचित न रहे। गौरतलब है कि पुनरीक्षण की प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतें सामने आई हैं कि नागरिकों के नाम मनमाने तरीके से मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए और उन्हें इस संबंध में कारणों की जानकारी भी नहीं दी गई। ऐसे में निर्वाचन आयोग की इस प्रक्रिया में मतदाता सूची से बाहर होने वाले लोगों को समय पर सूचित करने और उन्हें अपनी पात्रता साबित करने के पर्याप्त अवसर देने को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। जाहिर है, अगर पुनरीक्षण को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने को प्राथमिकता दी जाती, तो संभवतः अनावश्यक विवाद खड़े नहीं होते। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संदर्भ में स्पष्ट निर्देश दिया था कि इस पूरी प्रक्रिया में तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में रखे गए मतदाताओं का सत्यापन पारदर्शी ढंग से होना चाहिए, ताकि इससे नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा या तनाव न हो। पश्चिम बंगाल सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में दलील दी कि निर्वाचन आयोग को तार्किक विसंगति सूची में नामों का उल्लेख करने के कारणों को तत्काल सार्वजनिक करना चाहिए, ताकि संबंधित व्यक्ति यह जान सके कि गड़बड़ कहां हुआ है और उसमें अपेक्षित सुधार किया जा सके। दावा किया जा रहा है कि राज्य में नाम, उपनाम या आयु में गड़बड़ी को लेकर अब तक 1.36 करोड़ लोगों को तार्किक विसंगतियों के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इस पर शीर्ष अदालत ने बांग्ला भाषा में बोलचाल का जिक्र करते हुए कहा कि कभी-कभी इसकी वजह से भी नामों की वर्तनी गलत हो जाती है, लेकिन पात्र व्यक्तियों का मतदाता सूची में बने रहना जरूरी है। सवाल है कि विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने का जो काम निर्वाचन आयोग को खुद अपने स्तर पर शामिल करना चाहिए था

# एक मां, बीस जिंदगियां और अमर बलिदान

*आर्थिक तंगी, सामाजिक चुनौतियां और पारिवारिक दायित्व–सब कुछ उन्होंने मुस्कान के साथ निभाया। आंगनवाड़ी केंद्र में भोजन बनाना उनके लिए केवल नौकरी नहीं, बल्कि बच्चों के प्रति स्नेह और सेवा का माध्यम था। वे हर बच्चे को अपने ही परिवार का हिस्सा मानती थीं। उनकी दिनचर्या में थकान थी, पर शिकायत नहीं; पीड़ा थी, पर निराशा नहीं। यही गुण एक साधारण स्त्री को असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचा देता है। जब मधुमक्खियों का झुंड बच्चों पर टूट पड़ा, तब कंचनबाई पास ही कपड़े धो रही थीं। उन्होंने एक पल भी नहीं सोचा, न अपनी जान की परवाह की, न परिणामों का अनुमान लगाया। बिना किसी शोर, बिना किसी सहायता की प्रतीक्षा किए, वे दौड़ पड़ीं। बच्चों को दरी और तिरपाल में लपेटा, उन्हें ढाल बनाकर भीतर पहुंचाया और स्वयं खतरे के बीच अडिग खड़ी रहीं। यह क्षण महिलाओं की निर्णय*

खुद बुझकर बीस दीप जलाने वाली मां
बीस मासूम सांसों की खातिर जली जीवन-ज्योति

रानापुर गांव की साधारण-सी मिट्टी पर उस दिन असाधारण इतिहास अंकित हुआ, जब एक सामान्य महिला ने अद्वितीय साहस दिखाकर अपने प्राणों की आहुति दे दी। मध्य प्रदेश के नीमच जिले की कंचनबाई मेघवाल ने मधुमक्खियों के उग्र झुंड के सामने अडिग दीवार बनकर बीस मासूम बच्चों की रक्षा की। वह न कोई सैनिक थीं, न अधिकारी, न योद्धा–फिर भी उस क्षण वे साहस, ममता और त्याग की जीवंत प्रतिमा बन गईं। हजारों डंक सहते हुए भी उन्होंने बच्चों को अपनी बाहों में समेटा, सुरक्षित कमरों तक पहुंचाया और स्वयं पीड़ा के अथाह सागर में डूबती चली गईं। उनका यह बलिदान केवल एक घटना नहीं, बल्कि नारी शक्ति की अमर गाथा है, जो सदियों तक समाज को दिशा और प्रेरणा देती रहेगी।



कृति आरके जैन
बड़वानी (मप्र)

कंचनबाई का जीवन संघर्षों की कठोर कसौटी पर गढ़ा गया था। पति गंभीर बीमारी से ग्रस्त थे, घर की सारी जिम्मेदारियां पूरी तरह उनके कंधों पर थीं। एक बेटा और दो बेटियों का भविष्य संवारना उनका प्रतिदिन का संकल्प था। आर्थिक तंगी, सामाजिक चुनौतियां और पारिवारिक दायित्व–सब कुछ उन्होंने मुस्कान के साथ निभाया। आंगनवाड़ी केंद्र में भोजन बनाना उनके लिए केवल नौकरी नहीं, बल्कि बच्चों के प्रति स्नेह और सेवा का माध्यम था। वे हर बच्चे को अपने ही परिवार का हिस्सा मानती थीं। उनकी दिनचर्या में थकान थी, पर शिकायत नहीं; पीड़ा थी, पर निराशा नहीं। यही गुण एक साधारण स्त्री को असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचा देता है। जब मधुमक्खियों का झुंड बच्चों पर टूट पड़ा, तब कंचनबाई पास ही कपड़े धो रही थीं। उन्होंने एक पल भी नहीं सोचा, न अपनी जान की परवाह की, न परिणामों का अनुमान लगाया। बिना किसी शोर, बिना किसी सहायता की प्रतीक्षा किए, वे दौड़ पड़ीं। बच्चों को दरी और तिरपाल में लपेटा, उन्हें ढाल बनाकर भीतर पहुंचाया और स्वयं खतरे के बीच अडिग खड़ी रहीं। यह क्षण महिलाओं की निर्णय क्षमता और मानसिक दृढ़ता का प्रतीक बन गया। संकट की घड़ी में उन्होंने सिद्ध कर दिया कि नारी कभी कमजोर नहीं होती, वह परिस्थिति आने पर सबसे मजबूत और विश्वसनीय कड़ी बन जाती है।

मातृत्व की भावना कंचनबाई के व्यक्तित्व की आत्मा थी। वे केवल अपने बच्चों की ही नहीं, बल्कि पूरे गांव के बच्चों की सजीव मां थीं। आंगनवाड़ी के वे मासूम चेहरे उनके लिए अपने ही परिवार का विस्तार थे। जब खतरा आया, तो उनका हृदय किसी अडिग कवच की तरह बच्चों के सामने खड़ा हो गया। उन्होंने अपने जीवन को तुच्छ समझकर बच्चों के भविष्य को सर्वोपरि रखा। यही मातृत्व का वास्तविक स्वरूप है–जहां स्त्री स्वयं को विस्मृत कर दूसरों का जीवन संवारती है। कंचनबाई ने मातृत्व को केवल जन्म तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे करुणा और संरक्षण का व्यापक, दिव्य रूप दिया। समर्पण कंचनबाई के जीवन का मूल मंत्र था। स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष के रूप में वे गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में निरंतर लगी रहती थीं। वे दूसरों के दुख को अपना दुख समझती थीं और सहायता को अपना पवित्र कर्तव्य। आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए भोजन बनाना उनके लिए सेवा और समर्पण का माध्यम था। उन्होंने कभी अपनी परेशानियों को सामने नहीं रखा, बल्कि हर परिस्थिति में दूसरों को प्राथमिकता दी। मधुमक्खियों के हमले के समय भी उनका समर्पण चरम पर था–अपने जीवन की आहुति देकर उन्होंने समाज को बचाया। यही त्याग नारी को सभ्यता की सशक्त रीढ़ बनाता है। करुणा और संवेदनशीलता कंचनबाई की आत्मा में गहराई से रची-बसी थी। वे हर पीड़ा को महसूस करती थीं, हर आंसू का मौन अर्थ समझती थीं। बच्चों की चीखें उनके हृदय को चीर गईं और उन्होंने बिना विलंब अपने प्राणों की बाजी लगा दी। हजारों डंक उनके शरीर को घायल करते रहे, लेकिन उनकी चेतना बच्चों की सुरक्षा में अडिग लगी रही। यह करुणा महिलाओं का वह अमूल्य गुण है जो संसार को मानवीय बनाता है। जब समाज कठोर होता है, तब नारी की संवेदना उसे संतुलन और संवेदना प्रदान करती है। कंचनबाई ने यह सिद्ध किया कि करुणा कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी शक्ति है।

सहनशीलता कंचनबाई की पहचान थी। जीवन की कठिनाइयों–आर्थिक संकट, पति की बीमारी, पारिवारिक जिम्मेदारियां–को उन्होंने मौन साहस के साथ सहा। कभी हार नहीं मानी, कभी पीछे नहीं हटीं। मधुमक्खियों के डंक उनकी त्वचा को जलाते रहे, लेकिन उनका संकल्प अडिग और अचल रहा। यह सहनशीलता महिलाओं को टूटने नहीं देती, बल्कि उन्हें भीतर से और अधिक मजबूत बनाती है। वे दर्द को हृदय में समेटकर भी दूसरों को मुस्कान देती हैं। कंचनबाई की कहानी हमें सिखाती है कि सहनशीलता से ही सच्चा साहस और आत्मबल जन्म लेता है।

कंचनबाई की वीरता आज पूरे क्षेत्र के लिए जीवंत प्रेरणा बन चुकी है। उन्होंने दिखाया कि नेतृत्व केवल पद से नहीं, बल्कि निःस्वार्थ कर्म से पैदा होता है। स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष के रूप में वे पहले ही नेतृत्व कर रही थीं, लेकिन उस दिन उन्होंने जीवन और मृत्यु के बीच खड़े होकर सच्चा नेतृत्व दिखाया। गांव के लोग अब जागरूक हो रहे हैं, सुरक्षा उपायों की मांग कर रहे हैं और एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदारी महसूस कर रहे हैं। उनकी शहादत ने समाज को गहराई से सोचने पर मजबूर किया है कि वास्तविक नायक वास्तव में कौन होते हैं।

आज आवश्यकता है कि समाज और सरकार कंचनबाई जैसे बलिदानों को केवल भावनात्मक श्रद्धांजलि तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें सम्मान और स्थायी सुरक्षा में बदलें। उनके परिवार को आर्थिक सहायता, पेंशन, बच्चों की शिक्षा और रोजगार की ठोस व्यवस्था मिलनी चाहिए। यह सहायता दया नहीं, बल्कि एक वीरांगना को दिया गया सच्चा सम्मान होगी। जब हम ऐसी महिलाओं को उचित मान्यता देंगे, तभी समाज में साहस और सेवा की भावना सशक्त होगी। कंचनबाई की शहादत हमें यह सिखाती है कि नारी के गुण–साहस, करुणा, समर्पण, मातृत्व और सहनशीलता–ही सभ्यता की वास्तविक पूंजी हैं। उनकी स्मृति में हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम ऐसी बेटियों, माताओं और बहनों के सम्मान की रक्षा करेंगे और उनके त्याग को कभी विस्मृत नहीं होने देंगे।

# विरोध करने की आदत

जैसी आशंका थी, वैसा ही हुआ। कांग्रेस को अमेरिका के साथ होने वाला व्यापार समझौता भी रास नहीं आया। जैसे ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ 50 प्रतिशत से कम कर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की, वैसे ही कांग्रेस ने आपत्तियां उठानी शुरू कर दीं। यह सही है कि व्यापार समझौते संबंधी ट्रंप की पोस्ट से कुछ सवाल उभर रहे थे, लेकिन इन सवालों का जवाब मांगने के स्थान पर कांग्रेस नेता इस नतीजे पर पहुंच गए कि प्रधानमंत्री मोदी मजबूरी के कारण इस समझौते पर सहमत हो गए। राहुल गांधी ने तो यह कहने में भी संकोच नही किया कि प्रधानमंत्री ने किसानों की मेहनत को बेच दिया। कांग्रेस को इस समझौते को लेकर बनी सहमति पर आपत्ति उठाने की इतनी जल्दी थी कि उसने न तो यह देखा कि अमेरिकी राष्ट्रपति की पोस्ट पर



भारतीय प्रधानमंत्री की पोस्ट क्या कह रही है और न ही वाणिज्य मंत्री के जवाब की प्रतीक्षा की। जब वाणिज्य मंत्री ने यह स्पष्ट किया कि व्यापार समझौते में कृषि एवं डेरी क्षेत्र में भारत के हितों की सुरक्षा होगी और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने भी इसकी पुष्टि कर दी तो कांग्रेस के पास कहने के लिए कुछ नहीं बचा, फिर भी उसने यह कहना शुरू कर दिया कि सरकार की ओर से इस बारे में संसद में जानकारी क्यों नहीं दी गई। हालांकि वाणिज्य मंत्री ने उन परिस्थितियों का उल्लेख किया, जिनके चलते वे संसद में चाहकर भी बयान नहीं दे सके, लेकिन कांग्रेस को संतोष नहीं। कांग्रेस की ओर से अमेरिका के साथ होने जा रहे व्यापार समझौते पर सवाल उठाने का सिलसिला कायम है। उसके साथ-साथ कुछ अन्य विपक्षी दल भी ऐसा ही कर रहे हैं। सामान्य समझ यह कहती है कि किसी भी समझौते या सहमति पर सवाल उठाने से पहले उसका विवरण सामने आने की प्रतीक्षा की जाए, लेकिन आज की भारतीय राजनीति में इस समझ के लिए स्थान शून्य होता जा रहा है। इसके स्थान पर विरोध के लिए विरोध का झंडा उठाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। वैसे तो हर दल विपक्ष में रहते समय इसी प्रवृत्ति का परिचय देता है, लेकिन शायद कांग्रेस ने इसमें महारत हासिल कर ली है। इसी कारण उसकी आलोचना-निंदा चर्चा में तो आ जाती है, लेकिन वह न तो कोई प्रभाव छोड़ती है, न किसी सार्थक बहस को जन्म देती है और न ही सत्तापक्ष को अपने रुख-रवैये पर विचार को बाध्य करती है। विडंबना यह है कि चुनाव दर चुनाव पराजय के बाद भी कांग्रेस यह समझने को तैयार नहीं कि विपक्ष का काम केवल खोखली आलोचना करना या फिर सनसनीखेज आरोप उछालना भर नहीं है। सरकार के हर फैसले का हर हाल में विरोध करने की कांग्रेस की आदत इतनी अधिक बढ़ गई है

# गुड लक पार्टी का आयोजन, मनीषा बनीं मिस फेयरवेल




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के मोचीवाड़ा स्थित शिक्षण संस्थान लिटिल चैंप पब्लिक स्कूल में गुड लक पार्टी का आयोजन गुरुवार को उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। संस्था प्रधान सरिता बैद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेविका विजय लक्ष्मी बैद के आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय अध्यापिका तनु सेन के कुशल निर्देशन में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित सभी का मन मोह लिया। समारोह के दौरान विदाई ले रहे विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें मनीषा सोनी को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। वहीं प्रियल शर्मा फर्स्ट रनर-अप और पियूष सोनी सेकंड रनर-अप रहे। संस्था प्रधान सरिता बैद ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस गरिमामयी समारोह में अध्यापिका पूनम भाटी, अभिलाषा पारीक, ममता मीणा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अभिलाषा पारीक ने किया।

# गणेश पूजन व कलश स्थापना के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** शहर के दुलिया बास स्थित बृज धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव श्री गणेश पूजन व कलश स्थापना के साथ शुरू हुआ। आचार्य पंडित शशिकांत शास्त्री के आचार्यत्व में पंडित श्रवण कुमार भारद्वाज जसवंतगढ़, पंडित मोहित कुमार चूरू, पंडित प्रवीण कुमार चूरू, पंडित हरिराम राजलदेसर ने वैदिक विधान से मंत्रोच्चार के साथ गणेश पूजन व कलश स्थापना कर मूर्तियों का वास्तु पूजन, धान्यादिवास व पुष्पादिवास कार्यक्रम सम्पन्न करवाए। श्याम सुंदर शर्मा ने बताया कि आज शुक्रवार को बृज धाम मंदिर से संकट मोचन मंदिर, नया बाजार, रविदास मंदिर,वाल्मीकि बस्ती, खटीक बस्ती से होते हुए ऊंट, घोड़े, डीजे, रथ व आकर्षक झांकियां के साथ मूर्तियों का नगर भ्रमण जुलूस निकाला जाएगा। श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में प्रथम दिवस गणेश पूजन व धार्मिक अनुष्ठान में भोलदास स्वामी, रणजीत सिंह राठौड़, रामूराम प्रजापत, भैरदास स्वामी, ओम दास स्वामी, पार्षद बाबूलाल मेघवाल, पुरुषोत्तम शर्मा, भागीरथ प्रजापत, दुर्गादास स्वामी, भंवर लाल बगरानिया, गिरधारीलाल स्वामी, बालचंद बगरानिया, भंवरलाल सरस्वा, सुखदेव तूनवाल, भंवरदास स्वामी, सोहनदास खिलेरी, खेमचंद स्वामी, धनेश स्वामी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# हनुमान मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों की रही धूम



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नया बास रोड पर स्थित श्री टाडा वीर हनुमान मन्दिर में गत रात्रि को भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें फतेहपुर शेखावाटी के प्रसिद्ध भजन गायक रामदास चीमा बाबा ने जोरदार भजनों की प्रस्तुतियां दी, जिन पर श्रोता झूम उठे। बता दें कि यह कार्यक्रम मन्दिर के 22वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में दूसरे दिन हवन और भंडारा के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। वहीं 7 फरवरी को मन्दिर में शिव परिवार की स्थापना होगी। पुजारी राजकुमार स्वामी ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर विजय काछवाल, राजेश जांगिड़, कमल शर्मा, मनीष स्वामी, निरंजन जाट, विक्रम स्वामी, बनवारी जांगिड़ सहित कई कार्यकर्ता व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं। इस अवसर पर महावीर पाटनी, मांगीलाल टेलर, अजीत तोषनीवाल, गोपाल शर्मा, सुरेश मालानी, महेश ओझा, अमित छाबड़ा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह आज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** ढ़िगाल मार्ग स्थित शहीद रामेश्वर सिंह मेमोरियल उमावि, मण्डावा का वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह शुक्रवार को सुबह सवा दस बजे धूमधाम से मनाया जाएगा। स्कूल निदेशक महेश गढ़वाल ने बताया कि इस मौके पर प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा तथा विद्यार्थियों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

# 2121 कलशों की भव्य यात्रा से गूंजा बीदासर, श्रद्धा और भक्ति में डूबा कस्बा

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** कस्बे की बीदासर गौशाला स्थित राधाकृष्ण मंदिर से गुरुवार को 2121 कलशों के साथ गाजे-बाजे और मनमोहक झांकियों के बीच भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे कस्बे को धार्मिक आस्था और भक्ति के रंग में रंग दिया। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए धोरां की ढाणी स्थित गोरख धुणा पहुंची। यहां संत पंडित रेवतीरमण के आश्रम में महाशिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में रूद्र महायज्ञ समिति के तत्वावधान में शुक्रवार 6 फरवरी से 11 दिवसीय विशाल धार्मिक आयोजन का शुभारंभ किया जाएगा। आयोजन की जानकारी देते हुए संत के परम शिष्य व शिक्षक घनश्यामलाल शर्मा ने बताया कि रूद्र महायज्ञ को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया और सभी ने श्रद्धा भाव से 2121 कलशों के साथ यात्रा में भाग लिया। यात्रा के दौरान भजनों, जयकारों और आकर्षक झांकियों ने माहौल को और अधिक भावविभोर कर दिया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार से यज्ञाचार्य चन्द्रशेखर दाधिच के सान्निध्य में 121 पंडितों तथा 351 यजमान जोड़ों की ओर से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रूद्र महायज्ञ संपन्न कराया जाएगा। यज्ञ अनुष्ठान का समय प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से सायं 5:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह धार्मिक आयोजन क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और श्रद्धा का विशेष केंद्र बना हुआ है।

# सावा -टप्पा गीतों में है रिश्तों की मधुर मिठास, मसखरी के साथ बनता है हंसी खुशी का माहौल

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** शेखावाटी अंचल में इन दिनों सावों - वैवाहिक समारोह हर वर्ग व हर समाज में हो रहे है। इस दौरान महिला संगीत में वैवाहिक कार्यक्रमों की मधुर मिठास और ऐतिहासिकता पारंपरिक गीतों में झलकती है। विवाह के दौरान होने वाली पारंपरिक मांगलिक रस्मों के अपने गीत हैं। इन गीतों में मांगलिक परंपरा का न केवल महत्व छुपा रहता है, बल्कि दो परिवारों के मधुर रिश्तों का मजबूत गठजोड़ भी नजर आता है। इन्ही मांगलिक गीतों के साथ-साथ 'टप्पा' गीतों के गायन की भी परंपरा है। टप्पा गीतों में रिश्तों की न केवल मधुर मिठास नजर आती है, बल्कि दूल्हा-दुल्हन के परिवारों में आपसी मसखरी, प्रेम, सौहार्द और अपनापन भी नजर आता है। विवाह की प्रत्येक मांगलिक रस्म के दौरान इन टप्पा गीतों का गायन महिलाएं आवश्यक रूप से करती हैं।

## 'टप्पा' गीतों से बनता है माहौल:

विवाह की मांगलिक परंपराओं खोळा, प्रसाद, मिलनी, हाथधान, खिरोड़ा, मायरा, छींकी, बारात, दाल, तोरण, गुड्डी जान व बरी सहित सभी मांगलिक गीतों में टप्पा गीतों का गायन होता है। जब वर पक्ष की महिलाएं वधू पक्ष के यहां और वधू पक्ष की महिलाएं वर पक्ष के यहां पहुंचती हैं, तो टप्पा गीतों का गायन करती हैं। ये गीत दोहों के रूप में हैं, जिनको सस्वर सामूहिक रूप से गाया जाता है। 'टप्पा' गीत न केवल मसखरी और हंसी मजाक के रूप में होते हैं, बल्कि मांगलिक रस्म के दौरान अगर किसी प्रकार की कमी नजर आती है, तो उसको भी टप्पा गीत के रूप में गाया जाता है। जैसे पानी, स्थान आदि की कमी होने पर 'और बात री रेळ पेळ पोणी री सकड़ाई रे' अथवा 'और बात री रेळ पेळ जगह री सकडाई रे' के माध्यम से ध्यान आकृष्ट किया जाता है। सगे के सिर पर पाग न होने पर 'हाथ में हाथ बाजार बाजार में काथो, लाजो मरू ओ सगाजी थ्होरो ऊगाडों माथौ'। सगे के दिखाई नहीं देने पर 'इणगी जोऊ उणगी जोऊ सगोजी कठै न दीखै रे'। इसी प्रकार विवाह वाले घर में किसी व्यक्ति की ओर से हर काम में उपस्थिति होने पर 'छमक कटोरी छमक चणा, सगोजी रे घर में पंच घणा'। टप्पा गीतों में रिश्तों की मधुर मिठास और अपनापन नजर आता है।

# पर्यावरण विषय को लेकर विचार गोष्ठी आयोजित


जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** मंडावा कृषि महाविद्यालय में गुरुवार को पर्यावरण व जनजागृति संस्थान की ओर पर्यावरण विषय पर सेमीनार आयोजित की गई। बीजेपीइस अवसर पर पर्यावरण एवम् जनजागृति संस्थान के अध्यक्ष संजय शर्मा व स्काउट गाइड के डी ओ प्रदीप ईश्वरवाल बतौर अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान प्राचार्य पी सी गुप्ता ने की। प्राचार्य ने महाविद्यालय परिसर व प्रत्येक छात्र को अपने घर में अधिक से अधिक वर्ष लगाकर उनकी देखभा करने का आह्वान किया। अतिथियों ने पर्यावरण को बचाने के लिए कार्यक्रम के माध्यम से महा विद्यालय के छात्र छात्राओं को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।इसके पश्चात पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा और स्काउट गाइड प्रभारी प्रदीप ईश्वरवाल ने पर्यावरण की परिभाषा बताते हुए बताया कि प्रकृति ने हमें सब कुछ दिया है पीने के शुद्ध पानी, स्वास लेने के लिए शुद्ध हवा और खाने के लिए शुद्ध फल अन्न आदि दिए है।लेकिन दुर्भाग्य है कि इनके बदले प्रकृति को मनुष्य ने अनमोल चीजों को दूषित कर दिया है। जिससे प्रकृति का संतुलन बिगड़ चुका है।संतुलन बिगड़ने से समय पर बारिश नहीं हो रही है। समय पर बारिश नहीं होने से जीव जंतुओं ओर पशुओं का जीना कठिन हो गया है। इसलिए अगर हमें जीना है तो हमे ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने ही होगे। पेड़ है तो जल है। पेड़ है तो जीवन है का नारा देते हुए धरती मां को खत्म होने से बचाना है, अंत में पर्यावरण प्रेमी समाज सुधारक संजय शर्मा ने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिन छात्र छात्राओं ने सवाल का सही जवाब दिया अतिथियों ने पुरस्कार दिया। कार्यक्रम में पर्यावरण को बचाने हर एक व्यक्ति का पुनीत कर्तव्य है इस सूचना के साथ वृक्ष लगाकर उसकी देखभाल करना हम सब की जिम्मेदारी है इस अवसर पर। महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने सभी अतिथियों का अभिनंदन किया।

# राष्ट्रीय सेमिनार में सैनी का सम्मान, झुंझुनूं जिले का नाम रोशन

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं,(निस)।** सामाजिक सेवा और सामाजिक न्याय की पाठशाला में निरंतर योगदान देने वाले झुंझुनूं जिले के वरिष्ठ अध्यापक संदीप सैनी को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सोमवार को नई दिल्ली स्थित संविधान क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक भव्य राष्ट्रीय सेमिनार के दौरान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्व संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण आयोग, सहभागिता केयर विलेज फाउंडेशन व साहित्य सेवा अवार्ड परिषद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। सेमिनार में देशभर से आए समाजसेवियों, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों व विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि संदीप सैनी की ओर से शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों, समानता, पर्यावरण संरक्षण और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों को देखते हुए उन्हें यह मानद उपाधि प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि संदीप सैनी की पत्नी सुनीता सैनी की ओर से प्रगति कम्प्यूटर एंड साइंस एकेडमी का भी संचालन किया जा रहा है, जहां जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को रियायती व निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान की जाती है। इसके साथ ही वे अविनाश गहलोत फाउंडेशन के माध्यम से भी जिले में शिक्षा और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सम्मान ग्रहण करते हुए संदीप सैनी ने कहा कि मानवता की सेवा करना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। समाज के वंचित वर्ग को शिक्षा से जोड़कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही मेरा संकल्प है। इस सम्मान से जिलेभर में खुशी की लहर है। विभिन्न सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों व नागरिकों ने संदीप सैनी को बधाई देते हुए इसे झुंझुनूं जिले के लिए गर्व का विषय बताया है।

# सत्संग कार्यक्रम 8 को


**मंडावा/जयपुर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान जयपुर की ओर से 8 फरवरी को सुबह दस से दोपहर एक बजे तक हवामहल रोडस्थित श्रीरामचन्द्रजी मन्दिर में सत्संग कार्यक्रम के तहत दिव्य भक्तिमय भजन संकीर्तन व सत्संग विचार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी प. लक्ष्मण कुमार व मन्जू खण्डेलवाल ने दी।

# भारू में सड़क शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** भारू से चतरपुरा डामरीकरण सड़क का शिलान्यास गुरुवार को किया गया। ग्रामवासियों का लंबे समय से इंतजार खत्म हुआ। सन 1990 से जिस सड़क की मांग थी। पूर्व एमपी नरेंद्र कुमार खीचड़ का आभार जताया। कार्यक्रम में सहीराम झाझडिया, हरि सिंह, जगदीश सेन, नरेश लुणाईच,जगदीश डेला, नरेंद्र तेतरवाल, धर्मपाल झाझडिया, चंद्रेश ईशरवाल, रघुवीर, ओम प्रकाश कानसुजीया, भैरू राम,बनवारी राजेंद्र, मंडल अध्यक्ष विकास भारू सहीत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# करणी माता मंदिर में प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा कल



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** ठा.सा. हेमसिंह शेखावत पुत्र ठा. सा. धन्ने सिंह शेखावत की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र ठा. उदय सिंह व देवी सिंह शेखावत ने ग्राम कुमास पुनिया के आम चौक के पास में करणी माता के मंदिर का निर्माण करवाया है, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़, पूर्व सांसद नरेंद्र खिचड, पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा, मेघराज सिंह रोयल व भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी आदि मंचासीन अतिथि होगे। पंचायत समिति सदस्य राहुल कुमास ने बताया कि शुक्रवार को संतों के पावन सानिध्य में रात्रि जागरण व भजन संध्या महंत प्रतापपुरी विधायक पोकरण, महंत नारायणगिरी महाराज पीठाधीश दुदेश्वर नाथ महादेव मंदिर, डॉ गुलाब सिंह जी उपासक करणी माता मंदिर देशनोक, नरोत्तम दास महाराज दुर्गापुरा आश्रम सीकर के पावन सानिध्य में रात्रि जागरण व भजन संध्या होंगी। शनिवार को सुबह 9.15 बजे भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण व कलश यात्रा निकाली जाएगी और दोपहर 12.15 बजे से प्रसादी व भण्डारे का आयोजन किया जाएगा


## कार्यालय नगरपालिका तारानगर (चूरू) राज.

Office Telephone No. 01561-240245, E-mail- eotrn2009@gmail.com

क्रमांक :/न.पा.ता./2025–26/7468–7474 दिनांक :–27.01.2026

**ई–निविदा सूचना 08/2025–26**

सर्व साधारण एवं पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो की जानकारी हेतु प्रसारित किया जाता है कि तारानगर नगरपालिका क्षेत्र में नगरपालिका तारानगर द्वारा स्वीकृत कार्य ऑनलाईन निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। नगरपालिका तारानगर द्वारा नगरपालिका, राज्य व केन्द्र सरकार के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो को कार्य हेतु पंजीकृत संवेदको से टेण्डर के माध्यम से दिंनाक 28.01.2026 से दिंनाक 09.02.2026 को निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जायेगी। जिसकी निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण व शर्ते वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

| NIB CODE | UBN NO. |
|---|---|
| DLB2526B0893 | DLB2526WSOB32339 |

राज.संवाद/सी/25/19174

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका तारानगर

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता (परियोजना) जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड सरदारशहर

e-mail- eeproj.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक- अअ / जनस्वा/निविदा/2025-26/2377 दिनांक :- 23-01-2026

**ई - निविदा निरस्त सूचना**

इस कार्यालय की ई - निविदा सूचना सं. 49 / 2025-26 Work of maintaining power factor and Hiring of power capacitor for various electric connections Pump House Tube Well/Open Wells etc under the jurisdiction of Div Sardarsahar UBN isÑ PHE2526WSRC11238 Date 22.01.2026 eProcurement Tender ID 2025_ PHCJA_531094_1 तकनिकी कारणो से निरस्त की जाती है।

प्रकृति का अनुपम उपहार
स्वच्छ जल का सबको उपहार

(रामदेव पारीक)
अधिषाषी अभियन्ता ( परियोजना )
जन स्वा.अभि.विभाग, खण्ड सरदारषहर

DIPR/C/2342/2026

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड - तारानगर (राजस्थान) 331304

exennphed trn@rediffmail.com eetar.chu.phed@rajasthan.gov.in
क्रमांक 2253-2265 दिनांक 30.01.2026

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

Online tenders are hereby invited on behalf of the Honble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.gov.in, and http//eproc.rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. Tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Offline Tendar web-site submitted Last Date & time For submission Up to 09-02-2026 (02:00 PM)

| Sr. No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 89/2025-26 | PHE2526GSOB12722 |
| 2 | 90/2025-26 | PHE2526GSOB12723 |
| 3 | 91/2025-26 | PHE2526GSOB12724 |
| 4 | 92/2025-26 | PHE2526GSOB12726 |
| 5 | 93/2025-26 | PHE2526GSOB12727 |
| 6 | 94/2025-26 | PHE2526WSOB12728 |
| 7 | 95/2025-26 | PHE2526WSOB12735 |
| 8 | 96/2025-26 | PHE2526WSOB12744 |

SAVE WATER-SAVE LIFE

Executive Engineer,
PHED Division Taranagar
Contact- 98871-81073

DIPR/C/2316/2026

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक :- 5623-5644 दिनांक :- 27-01-2026

**ई-निविदा सूचना संख्याः 50 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http//dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट Uhttp//eproc.rajasthan.gov.inThttp//www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. - PWD2526A5372

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWP 2526WSOB21855 | 2. | PWP 2526WSOB21856 |
| 3. | PWP 2526WSOB21857 | 4. | PWP 2526WSOB21858 |
| 5 | PWP 2526WSOB21859 | 6 | PWP 2526WSOB21860 |
| 7 | PWP 2526WSOB21861 | 8 | PWP 2526WSOB21862 |

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू

DIPR/C/1909/2026

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक :- 5645-5666 दिनांक :- 27-01-2026


**निविदा सूचना संख्या : 51/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निविदायें आमंत्रित की जाती है।
NIB No. - PWD 2526 A5373

| S.No. | UBN NO. |
|---|---|
| 1. | PWD299526 WSOB21863 |

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू

DIPR/C/1783/2026



# ओ रोमियो के लिए एविनाश तिवारी ने सीखे फ्लेमेंको मूव्स

लैला मजनू की दर्दभरी शिद्दत हो, मडगांव एक्सप्रेस की कॉमिक टाइमिंग, खाकी- द बिहार चैप्टर की सख्ती या द मेहता बॉयज़ का ड्रामा ङ्ग एविनाश तिवारी ने अपने काम से हर बार ये साबित किया है कि वो इमोशन्स और रेंज के खिलाड़ी हैं. उनकी परफॉर्मेंस हमेशा गहराई और असर के लिए सराही गई है. लेकिन इस बार जो सामने आया, वो थोड़ा हटकर है। विशाल भारद्वाज की आने वाली फिल्म ओ रोमियो की तैयारी में एविनाश ने फ्लेमेंको डांस को भी अपना हथियार बनाया। हाल ही में एविनाश ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वो फ्लेमेंको डांस करते नज़र आ रहे हैं. इसी आर्ट फॉर्म के ज़रिए उन्होंने अपने किरदार जलाल को गढ़ा है, जो फिल्म में एक माटाडोर और एंटैगनिस्ट है। जलाल की खतरनाक मौजूदगी सिर्फ हिंसा से नहीं, बल्कि कंट्रोल और ठहराव से आती है। वीडियो में एविनाश की सीधी खड़ी देह, तेज़ फुटवर्क और भीतर दबा तनाव साफ महसूस होता है। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, स्पेन जाने से पहले। भाषा सीखने से पहले। शरीर पहले ही सब जानता था। ओ रोमियो की तैयारी की एक झलक। फिल्म में फ्लेमेंको का हिस्सा भले ही छोटा हो, लेकिन उसकी तैयारी बिल्कुल भी छोटी नहीं थी। एक अहम सीन के लिए एविनाश ने स्क्रीन पर फ्लेमेंको किया, हालांकि वो सीन फिल्म में रहेगा या नहीं, ये अभी देखना बाकी है। इस ट्रेनिंग का मकसद था माटाडोर की बॉडी लैंग्वेज को समझना ङ्ग जलाल कैसे ज़मीन पर टिककर खड़ा होता है। कैसे सोच-समझकर आगे बढ़ता है और कैसे ख़ामोशी में भी खतरा बनाए रखता है। इतना तो साफ है कि डांस-ड्रिवन फिल्मों में भी एविनाश की ज़बरदस्त संभावना है, जो उनकी वर्सेटिलिटी की एक और झलक देती है। ओ रोमियो में अपने इस फियरस और ट्रांसफॉर्मेटिव रोल को लेकर पहले से ही चर्चा में बने एविनाश के पास आगे इम्तियाज़ अली की ओ साथी रे और प्रशांत झा की गिन्नी वेड्स सनी 2 भी हैं। ये सब मिलकर उन्हें उनकी पीढ़ी के सबसे भरोसेमंद और एक्साइटिंग एक्टर्स में और मज़बूती से खड़ा करता है।



# साउथ ने मुझे जिस तरह का प्यार दिया उसके लिए मैं खुद को खुशनसीब मानती हूं

**अभिनेत्री श्रिया सरन अपकमिंग फिल्म दृश्यम 3 को लेकर सुर्खियों में हैं। उत्तराखंड में जन्मी और हिंदी बोलने वाले परिवार में पली-बढ़ी अभिनेत्री ने साउथ इंडियन सिनेमा में काम किया। उन्होंने साउथ की फिल्मों में तब काम किया जब उन्हें तमिल और तेलुगु बोलना नहीं आता था। 25 साल के अपने करियर में श्रिया ने हिंदी सिनेमा में भी काम किया है। श्रेया ने साउथ इंडियन एक्ट्रेस कहे जाने पर अपनी बात रखी है।**

श्रिया सरन ने अपनी जिंदगी में हुए कई बदलावों को लेकर कहा मेरा जन्म हरिद्वार में हुआ था। मैं अपनी जिंदगी के 17 साल वहीं रही। फिर मैं दिल्ली आ गई, ताकि कथक सीख सकूं। फिर मैंने 17 साल की उम्र में एक्टिंग शुरू की। यह मेरे परिवार के लिए एक बहुत बड़ा कदम था। मेरे पापा इंजीनियर हैं, मां अध्यापक हैं।

## साउथ में सीखी ये चीजें

श्रिया सरन का मानना है कि शुरुआती वर्षों ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया। उन्होंने कहा क्योंकि मैं दिल्ली में एक छोटे शहर की लड़की थी, साउथ में जाना और काम करना मेरे लिए हैरान करने वाला था। वहां से जब मैं सेट पर गई, नई भाषाएं सीखी, यह सब, मुझे लगता है कि इसने मुझे जिंदगी के लिए सच में तैयार किया। साउथ ने मुझे जिस तरह का प्यार दिया है, उससे मैं सच में खुद को खुशनसीब मानती हूं। मेरा दिल साउथ इंडियन है।

## आप जो मानते हैं आप वही हैं

साउथ इंडियन कहे जाने पर अभिनेत्री ने कहा मैंने जो चीजें सीखीं, उनमें से एक यह है कि आप वही हैं जो आप खुद को मानते हैं। अगर आप बढ़ते रहते हैं और सीखते रहते हैं और जिंदगी को आपको चीजें सिखाने देते हैं, तो आप उसे बेहतर तरीके से जीना शुरू कर देते हैं।

## श्रिया सरन का वर्कफ्रंट

आपको बता दें कि श्रिया सरन ने 2001 में तेलुगु फिल्म इष्टम से डेब्यू किया। वह छत्रपति, शिवाजी, पोक्किरी राजा और मनम जैसी कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में नजर आईं। इसके साथ ही, उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी अपनी लगातार मौजूदगी बनाए रखी है, खासकर दृश्यम फ्रैंचाइजी में। श्रिया सरन 23 जनवरी 2026 को रिलीज हुई सीरीज स्पेस जेन-चंद्रयान में नजर आ रही हैं। वह इस साल के आखिर में दृश्यम 3 में बड़े पर्दे पर भी वापसी करेंगी।



# हाई-ऑक्टेन स्पोर्ट्स थ्रिलर ग्लोरी में बॉक्सर के रूप में नजर आने वाले हैं पुलकित

पुलकित सम्राट अपने करियर के एक अहम मोड़ पर खड़े हैं। फिलहाल वे अपनी पहली ओटीटी सीरीज़ ग्लोरी के साथ डिजिटल स्पेस में दमदार एंट्री करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिलहाल हाई-ऑक्टेन स्पोर्ट्स थ्रिलर ग्लोरी में पुलकित एक बिल्कुल नए अवतार यानी एक बॉक्सर के रूप में नजर आनेवाले हैं। हालांकि पुलकित के लिए यह किरदार उनके किसी सपने के सच होने जैसा है। गौरतलब है कि ग्लोरी, एक पेशेवर बॉक्सिंग के साथ प्रतिस्पर्धी दुनिया में सेट एक मशहूर कोच और उसके दो अलग हुए बेटों की कहानी है, जिनके ओलंपिक सपने आपसी टकराव, अधूरे जज्बात, प्रतिद्वंद्विता और बदले की भावना से टकराते हैं। इस भावनात्मक और रोमांचक कहानी के केंद्र में पुलकित का किरदार है, जो न सिर्फ शारीरिक ताकत बल्कि गहरी भावनात्मक सच्चाई की भी मांग करता है। अपने अनुभव को साझा करते हुए पुलकित मानते हैं कि यह सफर आसान नहीं था। वह कहते हैं, यह प्रक्रिया बेहद इंटेंस रही है, लेकिन उतनी ही एडिक्टिव भी। बता दें कि पुलकित को इस किरदार की तैयारी के लिए कड़ी फिज़िकल ट्रेनिंग से गुजरना पड़ा, साथ ही भावनात्मक स्तर पर भी खुद को पूरी तरह झोंकना पड़ा। एक बॉक्सर की भूमिका निभाना उनके लिए कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकलकर खुद को नए सिरे से खोजने जैसा है।

पुलकित यह भी कहते हैं, अगर अभिनेता सेफ खेलते रहें, तो उनकी ग्रोथ रुक जाती है और सब कुछ फॉर्मूला बन जाता है। अब हम इसके लिए तो अभिनेता नहीं बने है न। उनके अनुसार, खुद को चुनौती देना न सिर्फ कलाकार के विकास के लिए ज़रूरी है, बल्कि दर्शकों को कुछ नया देने के लिए भी ज़रूरी है। बीते सालों में पुलकित सम्राट ने अपनी फिल्मोग्राफी में विविधता और प्रयोग के जरिए एक अलग पहचान बनाई है,फिर चाहे वह हल्की-फुल्की एंटरटेनर फिल्में हों, गंभीर हों या परफॉर्मेंस-ड्रिवन रोल्स हों। रही बात ग्लोरी की तो इस फिल्म का किरदार उनके करियर में एक मजबूत परत जोड़ता है। यह एक ऐसा किरदार है, जो अनुशासन, संवेदनशीलता और सच्ची भावनात्मक ईमानदारी की मांग करता है। फिलहाल ग्लोरी के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कदम रख रहे पुलकित एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं, जो जोखिम उठाने के साथ-साथ खुद को नए रूप में गढ़ने और रचनात्मक महत्वाकांक्षा से भरा है। हालांकि ग्लोरी में बॉक्सर के रूप में वह न सिर्फ अपने एक लंबे समय से चले आ रहे सपने को पूरा कर रहे हैं, बल्कि एक ऐसे अभिनेता के रूप में अपनी पहचान और मजबूत कर रहे हैं, जो हर प्रोजेक्ट के साथ खुद को लगातार विकसित करता जा रहा है।




# कोहरा 2 से मोना सिंह ने लिया जिंदगी का सबक




अभिनय की दुनिया में किसी किरदार को जीते-जीते कलाकार कई बार खुद को भी नए सिरे से समझने लगते हैं। अभिनेत्री मोना सिंह के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। वेब सीरीज कोहरा के दूसरे सीजन पर काम करते हुए मोना ने जिंदगी से जुड़ी कई अहम सीख हासिल की। इसे लेकर उन्होंने खुलकर बात की। मोना सिंह ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, कोहरा का दूसरा सीजन मेरे लिए सिर्फ एक नई भूमिका नहीं थी, बल्कि यह मेरे निजी जीवन से भी गहराई से जुड़ गया। इस कहानी ने मुझे यह समझने में मदद की कि इंसान कितना संवेदनशील होता है और कैसे हर कोई अपनी-अपनी लड़ाई चुपचाप लड़ रहा होता है। इस सीरीज पर काम करते हुए मुझे यह एहसास हुआ कि हर चीज पर नियंत्रण रखना न तो संभव है और न ही जरूरी। मोना ने कहा, इस सीरीज से मुझे सबसे बड़ा सबक यह मिला कि जिंदगी में कई बार चीजों को छोड़ देना ही सही रास्ता होता है। जिन बातों, हालातों या भावनाओं का अब कोई मतलब नहीं रह जाता, उन्हें पकड़े रहना खुद को दुख देने जैसा है। हालात जैसे भी हों, उन्हें स्वीकार करना और आगे बढ़ जाना ही मानसिक शांति की कुंजी है। यही सीख मेरे लिए इस सीरीज की सबसे बड़ी देन बन गई।

कोहरा 2 में मोना सिंह की एंट्री कहानी को एक नया मोड़ देती है। इस बार दर्शकों को एक और गहरी, अंधेरी और रहस्यमयी कहानी देखने को मिलेगी। मोना के साथ इस सीजन में बरुन सोबती और रणविजय सिंह भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। कोहरा 2 की कहानी इस बार जगराना से आगे बढ़ते हुए दलेरपुरा पहुंचती है, जहां माहौल पहले से ज्यादा गंभीर और रहस्यमयी है। एएसआई अमरपाल गरूडी का तबादला दलेरपुरा पुलिस स्टेशन में हो जाता है और यहीं से कहानी एक नया मोड़ लेती है। इस सीजन का सबसे बड़ा आकर्षण मोना सिंह हैं, जो गरूडी की नई कमांडिंग ऑफिसर धनवंत कौर की भूमिका निभा रही हैं। दोनों का काम करने का तरीका अलग है, सोच अलग है, लेकिन लक्ष्य एक ही है सच तक पहुंचना। जैसे-जैसे वे एक हत्या के मामले की परतें खोलते हैं, वैसे-वैसे उनके अपने अतीत से जुड़े कई दबे हुए राज भी सामने आने लगते हैं। पंजाब की पृष्ठभूमि में बुनी गई यह कहानी धीमी रफ्तार में आगे बढ़ती है, लेकिन हर मोड़ पर असर छोड़ती है।





# प्लेबैक सिंगिंग छोड़ने के बाद क्या करने वाले हैं अरिजीत सिंह? अनुराग बसु ने दी बड़ी हिंट

मौजूदा वक्त के सबसे पसंदीदा और सुपरहिट सिंगर अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग छोड़ने के अपने फैसले से हर किसी को हैरान कर दिया है। इस घोषणा के बाद से अरिजीत सिंह सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बने हुए हैं। कई प्रशंसक इसके पीछे का कारण जानने के लिए उत्सुक हैं। हालांकि, अरिजीत संगीत बनाना जारी रखेंगे। लेकिन अरिजीत सिंह आगे क्या करेंगे, इसको लेकर अब निर्देशक अनुराग बसु ने एक बड़ी हिंट दी है। अनुराग की कई फिल्मों में अरिजीत ने गाने गाए हैं। जानिए अनुराग बसु ने अरिजीत सिंह के फ्यूचर प्लान को लेकर क्या कुछ बताया?

## अरिजीत के फैसले का अनुराग को था पहले से ही अंदाजा

अनुराग बसु और अरिजीत सिंह के बीच गहरी दोस्ती है। ऐसे में जब अनुराग बसु से अरिजीत सिंह के प्लेबैक सिंगिंग छोड़ने के फैसले के बारे में पूछा गया तो निर्देशक ने कोई हैरानी नहीं जताई। बल्कि उन्होंने कहा कि उन्हें पहले से ही इसका अंदाजा था। बीबीसी हिंदी से बातचीत में अनुराग बसु ने कहा कि अरिजीत सिंह के फैसले से दुनिया सदमे में थी, लेकिन मुझे जरा भी हैरानी या झटका नहीं लगा। मैं अरिजीत को लंबे समय से जानता हूं और मुझे लगता है कि वह बेहद प्रतिभाशाली हैं और सिंगिंग के अलावा भी बहुत कुछ करना चाहते हैं।

## फिल्म मेकिंग की अरिजीत को है काफी जानकारी

अनुराग बसु ने आगे बताया कि उन्हें अरिजीत सिंह के फिल्म निर्माण के प्रति जुनून के बारे में पता था। निर्देशक ने कहा कि उन्होंने मुझसे 'बर्फी' में मेरा असिस्टेंट बनने के लिए कहा था। उन्हें फिल्म मेकिंग की काफी गहरी जानकारी है। इसके अलावा अरिजीत बच्चों के लिए एक स्कूल खोलना और उनके साथ समय बिताना भी पसंद करते हैं। उनकी कई योजनाएं हैं।

## अरिजीत ने शुरू कर दी पहली फिल्म की शूटिंग

इसके अलावा एक सूत्र ने उसी पोर्टल को बताया कि अरिजीत ने अपनी पहली हिंदी फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। यह एक जंगल एडवेंचर फिल्म होगी, जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिका में हैं। शूटिंग फिलहाल शांति निकेतन में चल रही है। फिल्म की स्क्रिप्ट अरिजीत और उनकी पत्नी कोयल सिंह ने लिखी है।

## सोशल मीडिया पोस्ट में दी प्लेबैक सिंगिंग छोड़ने की जानकारी

अरिजीत सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए ये घोषणा की कि वो अब प्लेबैक सिंगिंग को अलविदा कह रहे हैं। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि वो संगीत बनाना जारी रखेंगे, सिर्फ प्लेबैक सिंगर के रूप में अब कोई काम नहीं करेंगे। अरिजीत ने हिंदी, बंगाली, तमिल, तेलुगु, पंजाबी और अन्य भाषाओं में कई गाने गाए हैं। उन्हें बेस्ट प्लेबैक सिंगर के लिए (पुरुष) के लिए 8 फिल्मफेयर पुरस्कार मिल चुके हैं। अब प्रशंसक यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि गायक आगे क्या करने वाले हैं।



# सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर बैठक



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** ऊपरमाल आदर्श धाकड़ समाज के 27 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर समाज पंचायत अध्यक्ष मांगीलाल धाकड़ की अध्यक्षता में समाज के सभा स्थल पर बैठक आयोजित की गई। पूर्व जिला प्रमुख इंजी. कन्हैया लाल धाकड़ को आजीवन संरक्षक तथा श्री धाकड़ महासभा प्रदेश अध्यक्ष दीपशिखा को संयोजक बनाने के साथ ही समाज सुधार को लेकर कई निर्णय लिए गए।विदित हैं कि पूर्व जिला प्रमुख इंजी. कन्हैयालाल धाकड़ के प्रयास से 1998 से ऊपरमाल धाकड़ समाज की ओर से विवाह समारोहों में होने वाले फिजूल खर्च को बंद कर समाज का आर्थिक, सामाजिक शैक्षणिक तथा राजनितिक विकास करने के उद्देश्य से सामूहिक विवाह सम्मेलन शुरू किए गए थे।बैठक में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** पाली जिला कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद पर मुकेश बारोलिया व नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया के जिलाध्यक्ष पद पर राजेंद्र सिंह राठौड़ जाखोड़ा के मनोनीत होने पर गुरुवार को पालडीजोड़ स्थित श्रीजी स्टड फार्म पर स्वागत समारोह आयोजित हुआ। पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा ने दोनो नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कांग्रेसजनों ने खुशी जताते हुए दोनों पदाधिकारियों का माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया। मेवाड़ा ने कहा कि दोनों की नियुक्त पर क्षेत्र में कांग्रेसजनों में खुशी का माहौल हैं। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्षों को कांग्रेस विचारधारा को मजबूत करते हुए संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने तथा खेल गतिविधियों को भी बढ़ावा देने के निर्देश दिए। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने दायित्व सौंपने पर प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, खेल प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष अमीन पठान, प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़, पूर्व सीएम सलाहकार संयम लोढ़ा, हरिशंकर मेवाड़ा व प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। कार्यक्रम में मानसिंह रामनगर, दशरथ सिंह, शैतान कुमार, हरि प्रसाद मीणा, आनंद सिंह बड़ली, नासिर खान, रघुवीर सिंह, प्रमोद बारोलिया, मनोहर सिंह, प्रमोद गर्ग, अल्केश परिहार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# राणाजी का गुढ़ा में हिन्दू सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोरों पर

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर आयोजित किए जा रहे हिन्दू सम्मेलनों की श्रृंखला में उपखण्ड के राणाजी का गुढ़ा में रविवार को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस मौके पर भव्य शोभायात्रा व कलशयात्रा निकाली जाएगी। जिसमें आकर्षक झांकियों के साथ ही अखाड़ा प्रदर्शन भी होगा।



हिन्दू सम्मेलन में नागाजी का बाग थडोद हनुमान मंदिर के महंत रामप्रिय दास का धर्ममय उद्बोधन होगा। इससे पूर्व शनिवार को प्रातः वाहन रैली व रात्रि में भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा।

# 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** 15 सूत्रीय कार्यक्रम प्रगति के क्रियान्वयन व मॉनिटरिंग के संबंध में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। उन्होंने बैठक में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ विभिन्न योजनाओं के 15 सूत्रीय कार्यक्रम के बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अल्पसंख्यक वर्गों को विभिन्न विभागों की ओर से समुचित लाभ देने एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए अल्पसंख्यक समुदाय को प्रेरित करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रेखा शर्मा को अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक प्रेरित कराने के लिए निर्देश प्रदान किए। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने अल्पसंख्यक क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति, अल्पसंख्यक वर्गों को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण, प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति सहित अल्पसंख्यक वर्गों को देय अन्य छात्रवृत्ति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश मंगल सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम उत्थान शिविर में कृषक दिनेश को तारबंदी योजना का मिला लाभ

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले किसानों, पशुपालकों व नागरिकों की समस्याओं का निदान गांव में ही हो, इस बात को लेकर गिरदावर सर्किल पर विशेष शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। गिरदावर सर्किल बौरोली में आयोजित शिविर में कृषक दिनेश पुत्र गुलाबसिंह को तारबंदी योजना की जानकारी दी गई। साथ ही कृषक का योजना के तहत आवेदन करवाया गया। कृषक ने बताया कि फसल उत्पादन के दौरान आवारा पशुओं से




होने वाली क्षति की समस्या का सामना करना पड़ता हैं, जिससे फसल की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बनी हुई थी। खेती के दौरान आवारा पशुओं गाय, नीलगाय एवं जंगली सूअर फसल को बर्बाद कर देते थे। दिनेश ने बताया कि उन्हें स्वयं व परिवार वालों को खेतो में रखवाली करने के लिए जाना पड़ता था। कृषक ने बताया कि पूर्व में योजना की जानकारी के अभाव में वे आवेदन नहीं कर पाए थे। अब योजना की जानकारी मिलने से उन्हें फसल सुरक्षा को लेकर आशा और विश्वास मिला है। उन्होंने बताया कि शिविर में उन्हें कांटेदार तारबंदी योजना के तहत 10 किसानों की सामुदायिक तारबंदी की पत्रावली का ई-मित्र के माध्यम से आवेदन करवाया। उन्होंने बताया कि वह स्वयं व अन्य 9 किसानों ने अपने लगभग 10 बीघा खेत पर 2150 मीटर दूरी की तारबंदी करवाई। जिसका लागत का 70 प्रतिशत अनुदान की राशि लगभग 3 लाख रूपये डीबीटी के माध्यम से सभी कृषकों के खाते में प्राप्त हुई। योजना का फायदा हुआ। अब कृषक दिनेश को राम में फसलों की सुरक्षा के लिए जाना नहीं पड़ता तथा आवारा पशुओं से पूरी तरह सुरक्षा हो रही है व पैदावार अच्छी हो रही है। दिनेश ने अन्य कृषकों को सलाह देते हुए कहा कि सभी राज्य सरकार की ओर से संचालित योजना लाभ लें और आवारा पशुओं से अपनी फसलों की सुरक्षा करें।

# चेकिंग से बचने को बैरिकेड तोड़कर भागा चालक

## वीडियो वायरल करने पर परिवहन विभाग ने दर्ज कराई एफआईआर

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के मामले में परिवहन विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए वाहन चालक सहित वीडियो को गलत तरीके से वायरल करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। विभाग ने इसे राज्य कार्य में बाधा डालने और विभाग की छवि धूमिल करने का प्रयास बताया है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि जिले में अन्य राज्यों से आने वाले वाहनों से कर अपवंचना रोकने के लिए प्रवेश मार्गों पर नियमित रूप से सघन जांच अभियान चलाया जाता है। इस दौरान बिना कर चुकाए चल रहे वाहनों के खिलाफ राजस्थान मोटर कराधान अधिनियम 1951 के तहत कार्रवाई की जाती है। साथ ही ओवरलोडिंग, रिफ्लेक्टर टेप, डबल डीजल टैंक और ओवरहाइट जैसे नियमों का उल्लंघन करने



वाले वाहनों के खिलाफ भी चालान बनाए जाते हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में वाहन संख्या एचआर 38 एबी 1415 को उड़नदस्ता टीम की ओर से जांच के लिए रोकने का संकेत दिया गया, लेकिन चालक ने वाहन नहीं रोका और उड़नदस्ता कार्मिकों को टक्कर मारने का प्रयास किया। कार्मिकों ने बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाई। चालक ने डिवाइडर से टक्कर मारते हुए खतरनाक तरीके से बैरिकेड्स तोड़ दिए और उन्हें घसीटते हुए वाहन को भगा ले गया। परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नाकाबंदी कर वाहन को पकड़ा गया। वाहन चालक के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं में चालान बनाकर वाहन को जब्त कर लिया गया है। विभाग के अनुसार चालक अत्यधिक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था तथा वाहन पर अस्पष्ट नंबर प्लेट भी लगी हुई थी, जिससे सड़क पर चल रहे आमजन की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया था। विभाग का कहना है कि कार्रवाई के बाद कुछ असामाजिक तत्वों की ओर से अपने स्वार्थ सिद्ध करने के लिए गलत तरीके से वीडियो बनाकर वायरल किया गया, जिससे विभाग की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया। इस संबंध में राज्य कार्य में बाधा डालने व भ्रामक वीडियो प्रसारित करने के आरोप में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस जांच शुरू कर दी गई है। डीटीओ गौरव यादव ने चेतावनी दी कि भविष्य में जो भी व्यक्ति विभागीय कार्रवाई में बाधा डालने, राजस्व हानि पहुंचाने या गलत तरीके से वीडियो बनाकर वायरल करने का प्रयास करेगा, उसके खिलाफ मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**Executive Engineer, Public Health Engineering Department, City Div-I(north), Panipech, Jaipur**

Sr.No. 2241-48 Date:- 29.01.26

**Notice Inviting Bid**

Bids For Prunning, Trumming and Cutting of trees surface from Top & Sides of CWR. It includes Cleaning/removing dabries at Amanishah headworks, Panipech office campus, Solah Kothi and Central Store under City sub Dn IV (N) Panipech Jaipur. are invited from interested bidders upto 02:00 PM Date 09.02.2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is Rs 02.76 Lacs

UBN:- PHE2526WSRC12283

DIPR/C/2106/2026

**(Vikas Sharma)**
**Executive Engineer PHED,**
**City Div-I(north),**
**Panipech, Jaipur**

## राज-उन्नति पोर्टल की समीक्षा बैठक आयोजित

# कलेक्टर ने दिए जन कल्याणकारी योजनाओं में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं से सम्बन्धित जिले की दिसम्बर माह में जारी की गई रैंक में विभाग की अद्यतन प्रगति व सहभागिता के सम्बन्ध में राज-उन्नति पोर्टल की बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक में राज-उन्नति पोर्टल की समीक्षा करते हुए कहा कि कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना तथा सहकारी संस्थाओं के भण्डारण क्षमता में वृद्धि करने के लिए ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गोदामों का निर्माण के लक्ष्यों को प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों की ओर से दी जा रही सेवाओं की आमजन को जानकारी देकर त्वरित ढंग से कार्य कराए जाएं। उन्होंने चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग को दिव्यागों को विशिष्ट दिव्यांगता पहचान प्रमाण पत्र त्वरित गति से उपलब्ध हों, यह सुनिश्चित किए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने खाद्य सुरक्षा के तहत पात्र लोगों के अधिक से अधिक नाम जोड़े जाने के लिए निर्देशित किया।



जिला कलक्टर ने राज्य व केंद्र सरकार की ओर से संचालित खाद्य सुरक्षा, सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, सिलिकोसिस नीति, कृषि, उद्योग सहित जिला परिषद की ठोस तरल कचरा प्रबंधन व मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियो को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन की प्राप्त प्रकरणों का समय सीमा में निस्तारण करवाने, संबंधित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करवाने सहित राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं से आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कृषि व उद्यान विभाग के अधिकारी को विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त लक्ष्यों को समय सीमा मे पूर्ण करने, जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों को समय पर पूर्ण करने सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं में लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश भी दिए। बैठक में उपखण्ड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग नगर खण्ड-द्वितीय, जयपुर**

क्रमांक :-4029 दिनांक : -27.1.26

**ई- निविदा सूचना संख्या 53/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों :-

| क.सं. | कार्य का नाम | संवेदक की श्रेणी | डिफेक्ट लाईब्लिटी अवधि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | DAY TO DAY AND URGENT EMERGENCY REPAIR AND MAINTE-NANCE WORK AT ZANANA HOSPITAL JAIPUR (PAINTING WORK) | 'P-3' (PAINTING) | अनुबन्धानुसार | PWD 2526 WSOB 21743 |
| 2 | DAY TO DAY AND URGENT EMERGENCY REPAIR AND MAINTE-NANCE WORK AT ZANANA HOSPITAL JAIPUR (SANITARY WORK) | S-1 (SANITARY) | अनुबन्धानुसार | PWD 2526 WSOB 21744 |
| 3 | CIVIL WORK FOR PRO-POSED RHEUMATOL-OGY LAB AT SMS HOS-PITAL (ADDITIONAL JOINERY WORK) | F-3 (JOINERY) | अनुबन्धानुसार | PWD 2526 WSOB 21745 |

हेतु सम्मुख अंकित दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरीयड) सहित सा.नि.वि. मे उपयुक्त श्रेणी (नियमानुसार) में पंजीकृत संवेदक एवं संवेदक जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवम् दूर संचार, रेल्वे या अन्य राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों जो कि राजस्थान सरकार के 'एए' अथवा 'ए' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित परिपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती है निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण वेबसाइट www.dipronline.org. www.eproc.rajasthan.gov.in. http//www.pwd.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

DIPR/C/2342/2026

**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा0नि0वि0 नगर खण्ड-2, जयपुर**

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल विराटनगर (कोटपूतली - बहरोड़)**

Ph. 01422-243929 Email- viratnagar.jaipur@yahoo.com
क्रमांकः न.पा.वि./2025/2474 दिनांक : 5/2/26

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

ऑनलाईन प्राप्त प्रकरणो के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 07 दिवस में मय सबूत आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा वाद मियाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी। ऑनलाईन प्राप्त आवेदन निम्नानुसार है।

| क्र.स. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम | खसरा नम्बर | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल पुत्र रमेश चन्द अग्रवाल | विराटनगर (हनुमान नगर ) | 2417 (प्लाट नं. 54,55) | 115.45 वर्गमीटर का आवासीय पट्टा चाहने बाबत् । |
| 1 | श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल पुत्र रमेश चन्द अग्रवाल | विराटनगर (हनुमान नगर ) | 2415, 2416,2417, 2418 (प्लाट नं. 56) | 104.51 वर्गमीटर का आवासीय पट्टा चाहने बाबत् । |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका विराटनगर**

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल विराटनगर (कोटपूतली - बहरोड़)**

Ph. 01422-243929 Email- viratnagar.jaipur@yahoo.com
क्रमांकः न.पा.वि./2025/2477 दिनांक : 5/2/26

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

ऑनलाईन प्राप्त प्रकरणो के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 07 दिवस में मय सबूत आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा वाद मियाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी। ऑनलाईन प्राप्त आवेदन निम्नानुसार है।

| क्र.स. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम | खसरा नम्बर | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री धर्मपाल, बालूराम, राम मोहन पुत्र सुल्तान राम सैनी | विराटनगर (श्याम कॉलोनी) | 2976/1 | 178.83 वर्गमीटर का आवासीय पट्टा चाहने बाबत् । |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका विराटनगर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत प्रेमनगर, पंचायत समिति पावटा (कोटपूतली बहरोड़)**

क्रमांक :- ग्रा.पं.प्रे / निविदा / 2025-26/165 दिनांक : 05/2/2026

**ई-निविदा सूचना 2025-26**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत प्रेमनगर में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए,बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरियड दो वर्ष) एक कार्य के लिए मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्ते एवं जी-शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http//sppp.rajasthan.gov.in/ व www. eproc. rajasthan. gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN= ZJP2526WSRC02400
ZJP2526WSRC02398
ZJP2526WSRC02399

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत प्रेमनगर**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत प्रेमनगर**

# सरकारी जमीन पर 'मिट्टी माफिया' का कब्जा!



## जंगल-बेहड़ के टीले हो रहे साफ, ट्रैक्टरों से रोजाना ईंट भट्टों तक पहुंच रही रेत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड क्षेत्र राजाखेड़ा में जंगल और बेहड़ क्षेत्र की सरकारी जमीन से मिट्टी व रेत के कथित अवैध दोहन का मामला सामने आ रहा है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में संचालित ईंट भट्टों के लिए ट्रैक्टरों से सरकारी भूमि से मिट्टी व रेत निकाली जा रही है, जबकि संबंधित विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। जानकारी के अनुसार राजाखेड़ा क्षेत्र में 100 से अधिक ईंट भट्टे संचालित हैं। इन भट्टों के लिए वन विभाग और राजस्व विभाग की भूमि से ऊंचे-ऊंचे टीलों को काटकर मिट्टी और महीन रेत निकाली जा रही है। बताया जा रहा है कि रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर इस मिट्टी को भट्टों तक पहुंचाते हैं। भट्टों पर निकाली गई इस महीन रेत का उपयोग ईंट बनाने के सांचों में डाला जाता है, साथ ही जहां ईंटों को सुखाने के लिए कतार में लगाया जाता है, वहां जमीन पर भी यह रेत बिछाई जाती है ताकि ईंटों को आसानी से उठाया जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकांश दोहन वन विभाग व तहसील पंचायत क्षेत्र की सरकारी जमीन से हो रहा है, जिससे प्राकृतिक टीलों का स्वरूप बिगड़ता जा रहा है। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रहे इस दोहन को लेकर प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग इस कथित अवैध खनन और सरकारी जमीन से मिट्टी उठाने की गतिविधियों को रोकने के लिए क्या कदम उठाते हैं।

# धौलपुर में जलभराव से 1364 परिवार परेशान, नगर परिषद ने कलेक्टर को सौंपी रिपोर्ट

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** नगर परिषद क्षेत्र में लंबे समय से बनी जलभराव व सीवर ओवरफ्लो की समस्या को लेकर प्राप्त 1364 परिवादों पर कार्यवाही करते हुए कार्यवाहक आयुक्त एवं उपखंड अधिकारी कर्मवीर सिंह ने विस्तृत रिपोर्ट जिला कलेक्टर को सौंप दी है। रिपोर्ट में नगर परिषद की वित्तीय स्थिति कमजोर होने, सीवरेज रखरखाव का टेंडर वर्ष 2023-24 में नहीं हो पाने और विभिन्न विकास कार्यों के कारण जल निकासी प्रभावित होने को प्रमुख कारण बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार रेलवे लाइन को ऊंचा किए जाने, एनएचएआई द्वारा हाईवे निर्माण के दौरान पर्याप्त पुल-पुलिया नहीं बनाए जाने और सड़कों को ऊंचा करने से जल निकासी बाधित हुई है, जिससे कई कॉलोनियों में जलभराव की समस्या बढ़ गई है। इसके अलावा सार्वजनिक उपयोग की भूमि, गैर मुमकिन रास्तों, चारागाह, नालों और नहरों पर अतिक्रमण के कारण पानी का बहाव अवरुद्ध होना भी समस्या का बड़ा कारण बताया गया है। नगर परिषद क्षेत्र की 66 कॉलोनियों में एनएचएआई-44, एनएचएआई-123, एनएचएआई-11बी, हुंडवाल रोड, ओडेला रोड और राजाखेड़ा बाईपास के आसपास पिछले तीन वर्षों से जलभराव व गंदे पानी के जमा होने की समस्या बनी हुई है।

# बेसहारा गौवंश की समुचित व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**जयपुर टाइम्स**

**रतनगढ़(निस)।** सर्व समाज व विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम एसडीएम के माध्यम से नगरपालिका सीमा में बेसहारा फिरकर लोगों की जान माल को खतरा बन रहे बेसहारा नंदियों की नंदी शाला में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख है कि बुधवार की देर शाम अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर लौटते समय महेश शर्मा व उनके पीछे बैठे वयोवृद्ध अमरचंद दायमा को अशोक स्तंभ के पास स्थित मुनि के कुएं के सामने गली से लड़ते लड़ते अचानक भागकर सामने आए 3-4 नंदियों ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसके पश्चात् घायल होने पर अस्पताल ले जाए जाने पर अमरचंद को गंभीर हालात में बेहोशी की अवस्था में सीकर रैफर कर दिया गया, जिनको समाचार



लिखे जाने तक होश नहीं आया है। शहर में आजकल बेसहारा गौ वंश की भागदौड़ व घनी आबादी के बीच उपस्थिति से आये दिन ऐसी दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है। जहां एक ओर आम व्यक्ति त्रस्त हैं वहीं दूसरी तरफ चारे, पानी व स्थान के अभाव में गौ वंश कचरा खाते हुए जन आबादी में धक्के खाकर जीने को मजबूर है। शहर में इससे पहले भी ऐसी दुर्घटनाओं में कई लोगों को जान गंवानी पड़ी है अथवा अपाहिज होकर लम्बे समय तक बिस्तर पर जूझना पड़ा है। हालांकि सरकार व दानदाताओं के दिए गए अनुदान से शहर में एक विशाल भूखंड पर नंदीशाला का निर्माण हो चुका है फिर भी उसमें प्रशासन की ओर से नंदियों को न तो भिजवाया जा रहा है और न ही उचित व्यवस्था की जा रही है। इस संदर्भ में नगर के समाज सेवी संगठनों यथा; विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, सनातन सेवा न्यास, भारत विकास परिषद, अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ, प्रजापति समाज, खटीक समाज, आर्यावर्त हिन्दू सेना, राजस्थान पेंशनर्स समाज, नामदेव सेवा समिति, गौड़ ब्राह्मण सेवा समिति, रैगर विकास समिति, मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार सभा, दाधीच समाज, खांडल विप्र सेवा समिति, सारस्वत समाज, गुर्जर समाज, वाल्मीकि समाज, गुर्जरगौड़ समाज, राजपूत समाज, सैनी समाज आदि विभिन्न समाजों की ओर से ज्ञापन सौंपकर यथाशीघ्र बेसहारा नंदियों की व्यवस्था की मांग की है तथा कोई उचित कार्यवाही न होने पर प्रशासन को बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर इन विविध समाजसेवी संस्थाओं एवं सर्व समाजों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे। उपखंड अधिकारी की अनुपस्थिति में ज्ञापन तहसीलदार इंद्र कुमार द्वारा लिया गया।

## छात्र हितों को लेकर एसएफआई ने बनाई रणनीति



**जयपुर टाइम्स**

**सरदारशहर(निस)।** शहर के किसान मजदूर भवन में स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया का तहसील सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूती देना और छात्रों की समस्याओं पर चर्चा करना था। इस अवसर पर तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया। ?सम्मेलन में सर्वसम्मति से 12 सदस्यीय कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें प्रमुख पदों की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। बैठक में तहसील अध्यक्ष अनिल बरोड़, तहसील सचिव राजकुमार, उपाध्यक्ष ओमप्रताप, संयुक्त सचिव विक्रम को बनाया गया। सम्मेलन में पूर्व नेता रामकृष्ण छिंपा ने नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से समझाया और वर्तमान शिक्षा क्षेत्र की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। जिला महासचिव संदीप भारतीय ने नई कमेटी को बधाई देते हुए एसएफआई के संविधान और मुख्य मांगों पर चर्चा की। उन्होंने कमेटी से पूरी लगन के साथ काम करने का आह्वान किया। नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल बरोड़ ने विश्वास दिलाया कि वह संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे और जल्द ही पूरी तहसील में सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर भरतराज बरोड़, सुरजीत, दानाराम, दलीप, समीर, मनोज, सुनील और दिनेश सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मेगा हाईवे पर 36 लाख का डोडापोस्त जब्त, चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार



**जयपुर टाइम्स**

**रतनगढ़(निस)।** मेगा हाईवे पर गुरुवार अलसुबह गश्त के दौरान रतनगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से दो क्विंटल 41 किलो 400 ग्राम डोडापोस्त बरामद किया है। जब्त माल की कीमत करीब 36 लाख रुपए बताई जा रही है। हालांकि चालक पुलिस को देखकर वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआई गौरव खिड़िया ने बताया कि प्रशिक्षु डीवाईएसपी स्वाति और सब इंस्पेक्टर रतनलाल मय जाप्ता मेगा हाईवे पर मालासर टोल के पास गश्त कर रहे थे। इसी दौरान शहर की ओर से आती एक कार का चालक पुलिस को देखकर अचानक वाहन घुमाकर वापस शहर की तरफ जाने लगा। शक होने पर पुलिस ने पीछा किया। करीब 25 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद चालक ने घुमान्दा रोड स्थित आदर्श विद्या मंदिर के पास कार छोड़ दी और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो उसमें 14 कट्टों में भरा दो क्विंटल 41 किलो 400 ग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ। तलाशी के दौरान कार से अलग-अलग नंबरों की पांच नंबर प्लेट भी मिलीं, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## राज्य वृक्ष खेजड़ी को संरक्षित करने के लिए सख्त कानून बनाने की मांग



**जयपुर टाइम्स**

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पर्यावरण संवर्धन व पारिस्थितिकी विकास के क्षेत्र में काम कर रही संस्था नेचर एनवायरनमेंट एंड वाइल्डलाइफ सोसायटी, ताल छापर के सदस्यों ने गुरुवार शाम उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से संस्था अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी की अगुवाई में मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर राज्य वृक्ष खेजड़ी को बचाने के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की है। उपखंड अधिकारी कार्यालय के नायब तहसीलदार मो. असलम को ज्ञापन सौंपा गया। सोसायटी संरक्षक डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने बताया कि बीकानेर में पर्यावरण प्रेमियों की ओर से दिए जा रहे धरने व आमरण अनशन के समर्थन में ज्ञापन देकर राज्य वृक्ष खेजड़ी को बचाने की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल में डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा, सोसाइटी के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी, वरिष्ठ साहित्यकार गौरीशंकर भावुक, पक्षी विशेषज्ञ बृजदान सामौर, सत्यनारायण सारस्वत, वरुण शर्मा, नेचर गाइड जितेंद्र स्वामी, राधाकृष्ण मूंधडा, महावीर बिश्नोई आदि शामिल रहे।

## डाबडी में विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर जनसंपर्क अभियान

**जयपुर टाइम्स**

**मण्डावा(निस)।** आगामी 8 फरवरी को मंडावा में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के संबंध में ग्राम डाबडी में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं की ओर से घर-घर जाकर पीले चावल वितरित किए गए तथा सम्मेलन की सूचना व कार्यक्रम विवरण पत्र लोगों तक पहुंचाया गया। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों से आग्रह व निवेदन किया गया कि वे अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में सहभागिता करें। साथ ही मातृशक्ति से विशेष रूप से अपील की गई कि वे कलश यात्रा में अवश्य भाग लें और इस सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## भामासी में 8 फरवरी को कबड्डी महाकुंभ, ग्रामीण खेलों में दिखेगा जोश

**जयपुर टाइम्स**

**सादुलपुर(निस)।** गांव भामासी में रविवार 8 फरवरी को क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में भगत सिंह फोर्स की ओर से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कबड्डी महाकुंभ सहित विभिन्न ग्रामीण खेलों का आयोजन होगा, जिसमें आसपास के गांवों के महिला व पुरुष खिलाड़ी उत्साह के साथ भाग लेंगे। आयोजन में एडवोकेट राजेश (राजू) सारण व राजेश कसवा का विशेष सहयोग रहेगा तथा विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा। कबड्डी प्रतियोगिता दो आयु वर्गों में आयोजित की जाएगी, जिसमें 20 से 30 वर्ष तथा 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग शामिल रहेगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2100 रुपए व द्वितीय पुरस्कार 1100 रुपए निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए बूढ़ा दौड़ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विजेता को आकर्षक इनाम दिया जाएगा। मटका दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने



वालों को टोकनी सहित पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। भगत सिंह फोर्स के अनूप पूनिया ने बताया कि गुरुवार सुबह क्रीड़ा भारती जयपुर प्रांत की मातृशक्ति प्रमुख गायत्री पूनिया, जिला अध्यक्ष जुगल किशोर पूनिया व सुखवीर सारण ने खेल मैदान का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि डोकवा, भामासी, मूंदीताल, मूंदी, टिब्बा सहित करीब एक दर्जन गांवों के खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए भामासी के ग्रामीणों की ओर से जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं।

## *ग्राम उत्थान शिविर बना औपचारिकता: अधिकारियों की लापरवाही से ग्रामीण रहे वंचित*

**जयपुर टाइम्स**

**राजलदेसर(निस)।** राज्य सरकार के निर्देश व जिला कलेक्टर के आदेश पर नगरपालिका भवन में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर अव्यवस्थाओं और लापरवाही के चलते बेअसर साबित हुआ। जानकारी के अनुसार यह शिविर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए लगाया गया था, लेकिन आयोजन शहरी क्षेत्र स्थित नगरपालिका में होने के कारण अधिकांश ग्रामीणजन इससे लाभ नहीं ले सके।
शिविर में 13 विभागों की उपस्थिति प्रस्तावित थी, लेकिन दोपहर तक केवल पांच-छह विभागों के प्रतिनिधि ही पहुंचे। वहीं शिविर प्रभारी जगदीश व्यास, विकास अधिकारी पंचायत समिति, स्वयं ही शिविर से नदारद रहे, जिससे व्यवस्थाएं प्रभावित रहीं। ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी व लाभ देने के उद्देश्य से आयोजित इस



शिविर में समुचित सूचना तंत्र के अभाव और अधिकारियों की उदासीनता के चलते जरूरतमंद लोगों तक योजनाओं की पहुंच नहीं बन पाई। इससे लोगों में निराशा देखने को मिली। एक ओर सरकार अपनी उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर दे रही है, वहीं दूसरी ओर धरातल पर ऐसे शिविरों की कमजोर व्यवस्थाएं और जिम्मेदार अधिकारियों की अनुपस्थिति सरकारी आदेशों की अनदेखी को दर्शाती नजर आई।

### कार-जीप भिड़ंत में तीन घायल

## आरटीओ मनोज स्वामी ने दिखाई मानवता; घायलों को अस्पताल पहुंचाया

**जयपुर टाइम्स**

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव राणासर बीकान मेगा हाईवे पर कार और जीप की टक्कर में कार सवार तीन लोग घायल हो गए। मौके से गुजर रहे आरटीओ मनोज स्वामी ने तत्परता दिखाते हुए मानवता का परिचय दिया और घायलों को अपनी गाड़ी से राजकीय उप जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल



में डॉ. किशन सिहाग के नेतृत्व में नर्सिंग स्टाफ ने घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया। जानकारी के अनुसार हनुमानगढ़ जिले के सादुलशहर निवासी कमलेश (53) पुत्र सत्यनारायण अपने परिवार के साथ कार से हनुमानगढ़ से जयपुर जा रहे थे। इसी दौरान राणासर बीकान के पास सामने से आ रही जीप से उनकी कार की टक्कर हो गई। हादसे में कमलेश को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें उपचार के बाद राजकीय उप जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है, जबकि परिवार के अन्य सदस्यों को मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और घटना की जानकारी लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

## नगरपरिषद का विकास उत्सव आज

**सरदारशहर(निस)।** शहर की नगरपरिषद की ओर से शहर में गत पांच वर्षों में कराए गए विकास कार्यों का शुक्रवार को सायं 5 बजे लोकार्पण समारोह व विकास उत्सव मनाया जाएगा। सभापति राजकरण चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को सायं 5 बजे गांधी चौक में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि पूर्व विधायक सभा प्रतिपक्ष नेता राजेन्द्र सिंह राठौड़, वि.अतिथि चूरू विधायक हरलाल सारण, देवेन्द्र झाझडिया, पूर्वमंत्री राजकुमार रिणवां होंगे। कार्यक्रम में लोकनृत्य व अग्नि नृत्य की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

### देवासर माइनर की जांच की मांग

## आक्रोशित किसानों ने एसडीएम कार्यालय पर डाला पड़ाव

**जयपुर टाइम्स**

**सरदारशहर(निस)।** अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में देवासर माइनर पर घटिया निर्माण सामग्री लगाने के खिलाफ आंदोलन तेज हो गया। हैं। किसानों का कहना है कि जांच के सेंपल ले आए जांच कमेटी ने दो सप्ताह का समय मांगा लेकिन चार सप्ताह बीत जाने के बाद भी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं करना किसानों में गुस्सा बढ़ा है। भानीपुरा किसान सभा के तहसील अध्यक्ष रामकरण भांभू ने बताया कि माइनर पर घटिया निर्माण सामग्री लगाने के खिलाफ हमारा




आंदोलन जारी है। जिला संयुक्त सचिव रामकृष्ण छींपा ने बताया कि जब तक जांच नहीं मिलती तब तक एसडीएम कार्यालय पर पड़ाव जारी रहेगा। किसान लालचंद और महावीर कुलड़िया ने बताया कि हमारे भविष्य को लेकर ये लड़ाई है। एसडीएम कार्यालय में किसी प्रकार की कोई वार्ता न होने पर किसान आक्रोशित हो गए। एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया और आंदोलन को पड़ाव के रूप में तब्दील कर दिया गया। धरने पर काशीराम सारण, राजेंद्र सारण, मोतीलाल स्वामी, पतराम बरोड़, सुरेश, मोहरसिंह, महावीर, लालचंद, रतिराम पुनियां, राजेश, भजनलाल, उदमीराम, ज्ञानाराम सारण सहित अनेक किसानों ने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन कर समस्याओं के समाधान की मांग की है।

## फांसी का फंदा लगाकर विवाहिता ने की आत्महत्या

**जयपुर टाइम्स**

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** रेलवे फाटक संख्या एक के अंदर सूर्य भगवान मंदिर से पहले घर के अंदर बने कमरे मे पंखे के हुक से फांसी का फंदा लगाकर महिला ने आत्महत्या कर ली। सूचना पर सुजानगढ़ कोतवाली थानाधिकारी बेगाराम मीणा मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे। टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया मौके पर पहुंचे तथा शव को उतारकर बगड़िया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जानकारी के अनुसार मृतका ज्योति पत्नी रघुवीर माली उम्र 35 वर्ष निवासी सूर्य भगवान मंदिर के पास सुजानगढ़ है, जिसका पति काम के लिए पंजाब रहता है और गुरुवार सुबह बच्चों को स्कूल छोड़कर वापिस आयी थी। उसके बाद दिन में ये कदम उठा लिया। परिजन घर पहुंचे, तो फंदे पर लटका देख आस-पास के लोगों को इकट्ठा किया। मृतका के 3 बच्चे हैं तथा पीहर मध्यप्रदेश है। मृतका के पीहर पक्ष और पति को सूचना दे दी गयी है। आगे की कार्यवाही पति और पीहर पक्ष के आने के बाद ही होगी।

## मंदिर परिसर में तोड़फोड़ व मारपीट का आरोप

**जयपुर टाइम्स**

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पुलिस थाने में रिपोर्ट देकर सुनील कुमार निवासी बरसी पुलिस थाना भवानीखेडा, जिला भिवानी, हरियाणा हाल पथिक सेवाश्रम सुजानगढ़ ने बताया है कि मैं नया बास में कार्यालय का प्रभारी हूं। पास में स्थित मंदिर में पुजारी नहीं होने कारण में हर दिन की भांति पूजा पाठ कर रहा था। जिसकी तैयारी के लिए मेने मंदिर की सफाई की, उसी समय 2-3 औरत आई और जबरन मंदिर में आकर तिल इत्यादि बिखेर दिया और कहा कि माईक बंद करो। जिस पर मैंने कहा कि एक-दो घंटे लगेंगे, आरती के बाद कर दूंगा। उसके बाद शाम को करीब सवा 6 बजे एक व्यक्ति और उसकी पुत्रवधू आए और आरती बंद करवाकर मंदिर में तोड़फोड़ की और मेरे साथ मारपीट की, जिससे मुझे चोटें आई। इस पर मैंने संस्था के अध्यक्ष महावीर पोसवाल को बात बताई। उन्होंने अस्पताल ले जाकर पट्टी करवा दी और कहा कि राजीनामा करवा देंगे। लेकिन अगले दिन विकास, मिनाक्षी, अनिता, संजय, रतन, पूसादास, नरेंद्र, विजय, सुलोचना, दो अन्य नामजद सहित 50-60 लोग आए और मेरे साथ मारपीट की। बीच बचाव करने पर महावीर पोसवाल के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तारानगर पुलिस की त्वरित कार्रवाई: साइबर फ्रॉड के 49,300 रुपए वापस दिलाए

**जयपुर टाइम्स**

**तारानगर(निस)।** साइबर ठगी के शिकार एक व्यक्ति को राहत देते हुए तारानगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर 49,300 रुपए की राशि उसके खाते में वापस दिलवाई है। यह कार्रवाई थानाधिकारी सीआई सतपाल बिश्नोई के नेतृत्व में साइबर पोर्टल पर कार्यरत कांस्टेबल ओमप्रकाश हुड्डा ने की। सीआई बिश्नोई ने बताया कि 24 मार्च 2025 को तारानगर के निकटवर्ती गांव रामपुरा निवासी लोकेश कस्वां ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ साइबर फ्रॉड कर 51,900 रुपए ट्रांसफर करवा लेने की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत मिलने पर कांस्टेबल ओमप्रकाश हुड्डा ने मामले का अवलोकन कर परिवादी से जानकारी जुटाई और खाते से स्थानांतरित हुई राशि को ट्रेस किया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 49,300 रुपए की राशि को संबंधित खाते में होल्ड करवाया तथा न्यायालय से रिफंड आदेश प्राप्त कर उक्त राशि परिवादी के खाते में वापस जमा करवाई। पुलिस की इस कार्रवाई से पीड़ित को बड़ी राहत मिली है।

## गोल्ड लोन घोटाला: 4.1 किलो सोना गायब, एसपी के औचक दौरे से बैंक में हड़कंप

**जयपुर टाइम्स**

**नवलगढ़/झुंझुनूं।** झुंझुनूं जिले के नवलगढ़ स्थित पंजाब नेशनल बैंक की नानसा गेट शाखा में गोल्ड लोन के नाम पर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए झुंझुनूं एसपी ने अचानक शाखा पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया, जिससे बैंक कर्मचारियों में अफरा-तफरी



का माहौल बन गया। मामले में जल्द ही बड़ा खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बैंक के स्ट्रॉन्ग रूम में सील रखे गए गोल्ड लोन के 450 पैकेटों में से 73 पैकेटों में असली सोने की जगह नकली ज्वेलरी रख दी गई। जांच के दौरान करीब 4.1 किलो सोने के गबन का मामला उजागर हुआ है, जिसकी बाजार कीमत 6.5 करोड़ रुपए से अधिक आंकी जा रही है। सूत्रों के अनुसार, प्राथमिक जांच में तत्कालीन शाखा प्रबंधक, उप प्रबंधक और एक बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट की मिलीभगत सामने आई है। मामले के उजागर होने के बाद उन लोगों में चिंता और सदमा है, जिन्होंने गोल्ड लोन के बदले अपने कीमती गहने बैंक में जमा कराए थे। पुलिस व बैंक प्रबंधन पूरे मामले की गहन जांच में जुटे हुए हैं और जल्द ही पूरे घोटाले का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।